हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 9 सितंबर 2025



# 9वीं-12वीं की 19 से परीक्षा, जिला स्तर पर बनेगा प्रश्नपत्र...लिफाफे में स्कूल तक पहुंचाएंगे

## छह अक्टूबर से पहले मूल्यांकन कार्य पूरा कर परिणाम जारी करने के भी निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले की सरकारी स्कूलों में तिमाही परीक्षा के आयोजन की तैयारी शुरू हो गई है। जिला शिक्षा अधिकारी ने आदेश जारी करते सभी स्कूलों में आगामी 19 सितंबर से परीक्षा के आयोजन के निर्देश दिए हैं। खास बात यह है कि भले ही परीक्षा का आयोजन शाला स्तर पर किया जाएगा, लेकिन इसके लिए प्रश्न पत्र जिला स्तर पर तैयार कर भेजा जाएगा। वहीं परीक्षा की समाप्ति के बाद आगामी छह अक्टूबर से पहले मूल्यांकन पूरा कर परिणाम घोषित करने की डेडलाइन भी तय कर दी गई है।

उल्लेखनीय है कि 16 जून से जिले की सभी स्कूलों में नए सत्र के तहत पढ़ाई शुरू कर दी गई थी। जुलाई के अंतिम सप्ताह से प्रत्येक शनिवार को मासिक टेस्ट का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बच्चों की तैयारियों को परखा जा रहा है। अब प्रदेश स्तर से मिले निर्देश अनुसार तिमाही परीक्षा का आयोजन की तैयारी शुरू कर दी गई है। सभी प्राचार्यों को एक आदेश भी जिला शिक्षा महकमे द्वारा जारी किया गया है।

वहीं पहली से आठवी कक्षा की परीक्षा का आयोजन शाला स्तर पर ही किया जाएगा। वहीं आत्मानंद स्कूलों में भी परीक्षा का आयोजन शाला प्रबंधन समिति द्वारा किया जाएगा। ज्ञात हो शासकीय स्कूलों में परीक्षा के आयोजन के साथ ही बच्चों की दक्षता बढ़ाने पर काम किया जा रहा है। तिमाही परीक्षा के दौरान प्रश्नपत्र को निर्धारित मापदंड के अनुसार तैयार किया जाएगा।

### बीईओ को मिलेगा जिम्मा

जिला स्तर पर विशेषज्ञों से प्रश्न पत्र तैयार कराए जाने के बाद उसके प्रिंट आउट को सील पैक बंद लिफाफे में जिला शिक्षा विभाग की तरफ से सभी बीईओ को दिया जाएगा। बीईओ की जिम्मेदारी होगी कि प्रश्न पत्र उनके कार्यक्षेत्र के स्कूलों तक पहुंचाया जाए। हालांकि मूल्यांकन का कार्य शाला स्तर पर ही किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।



### 19 से 26 तक परीक्षा

जारी समय सारिणी के अनुसार 19 सितंबर से परीक्षा शुरू होकर 26 सितंबर को समाप्त हो जाएगी। 9वीं कक्षा की 19 को गणित, 20 को विज्ञान, 22 को हिंदी, 23 को अंग्रेजी, 24 को संस्कृत और 25 को सामाजिक विज्ञान की परीक्षा है। 10वीं कक्षा की 19 को विज्ञान, 20 को संस्कृत, 22 को गणित, 23 को हिंदी, 24 को सामाजिक विज्ञान और 25 को अंग्रेजी की परीक्षा है। 11वीं कक्षा की 19 को राजनीति विज्ञान-रसायन शास्त्र-लेखाशास्त्र, 20 को अंग्रेजी, 22 को भूगोल-भौतिक शास्त्र, 23 को अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रम, 24 को गणित-इतिहास-व्यवसाय अध्ययन, 25 को हिन्दी और 26 को जीव विज्ञान-अर्थशास्त्र की परीक्षा है। इसी तरह 12वीं कक्षा की 19 को अंग्रेजी, 20 को हिन्दी, 22 को राजनीति विज्ञान-रसायन शास्त्र-लेखाशास्त्र, 23 को भूगोल-भौतिक शास्त्र, 24 को जीव विज्ञान-अर्थशास्त्र, 25 को अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रम और 26 को गणित-इतिहास-व्यवसाय अध्ययन की परीक्षा है।

---

## खबर संक्षेप

### युवक की संदिग्ध अवस्था में मिली लाश

**राजनांदगांव।** ग्राम जोरातरई इलाके में शहर के एक युवक संदिग्ध रूप से मृत अवस्था में मिला। घटना की सूचना पर पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस को पीएम रिपोर्ट का इंतजार है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जोरातरई में एक युवक मृत अवस्था में मिला। जिसकी शिनाख्ति अजय सिन्हा गौरीनगर के रूप में की गई है। पुलिस के अनुसार युवक ई-रिक्शा चलाता था। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस को पीएम रिपोर्ट का इंतजार है। उक्त घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

### सीटी स्कैन मशीन खरीदी में कांग्रेस ने की जांच की मांग

**राजनांदगांव।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सीटी स्कैन मशीन खरीदी में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कलेक्टर को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर सिटी स्कैन मशीन खरीदी के दस्तावेज उपलब्ध कराने एवं खरीदी में हुए भ्रष्टाचार की निष्पक्षतापूर्वक जांच करने की मांग की है।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय पेन्ड्री मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सिटी स्कैन मशीन के लिए दो करोड़ रुपए की सौगात दी गई थी। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में वर्तमान भाजपा सरकार आने के बाद सिटी स्कैन मशीन नहीं खरीदकर स्थानीय प्राइवेट सिटी स्कैन मशीन वाले अस्पताल के साथ साझेदारी की गई। मरीज को प्राइवेट अस्पतालों में जांच के लिए जाने मजबूर किया गया। सीटी स्कैन मेडिसिन खरीदी में भारी अनियमितता के तहत खरीदी में एकमात्र टेंडर भरने के बावजूद उन्हें दिया गया। जबकि इसे सीधे कंपनी से भी मशीन खरीदी कर आर्थिक अनियमितता से बचा जा सकता था, लेकिन मशीन के निर्माता कंपनी के निर्धारित मूल्य से तीन से चार गुना अधिक दर पर मशीन खरीदी गई। कांग्रेस ने मांग की है कि सिटी स्कैन मशीन की खरीदी के समस्त दस्तावेजों की जांच करवाते हुए भ्रष्टाचारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए।

### माय एंगल




---

## प्रार्थी के बेटे ने लगाए आरोप: पुलिस की लापरवाही से मारपीट की घटना मर्डर में हुई तब्दील

# नवागांव में सुबह बवाल के बाद देर शाम चाकू से हमला कर युवक की हत्या, कार-मोपेड को किया आग के हवाले

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव


शहर के नवागांव इलाके में दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ा कि चाकू से हमला कर एक युवक की हत्या कर दी गई। जिससे क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त हो गया और मौके पर मौजूद लोगों ने आरोपियों के कार व मोपेड को आग के हवाले कर दिया। क्षेत्र में बढ़े तनाव को देखते हुए मौके पर पुलिस अधिकारी व जवान बड़ी संख्या में पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। इस मामले में पुलिस ने 7 आरोपी सहित 2 विधि से संघर्षरत बालको को पकड़कर कार्रवाई की है। वहीं मामले में पुलिस पर भी लापरवाही के आरोप लगाए जा रहे हैं।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 7 सितंबर को प्रार्थी अजय सिंह राजपूत 26 वर्ष वार्ड नं. 2 बजरंगपुर नवागांव का रिपोर्ट दर्ज कराया कि 7 सितंबर रात्रि 7 बजे इसके घर के सामने पृथ्वी भट्ट निवासी बजरंगपुर और अभय मिश्रा अन्य लड़कों के साथ आए और पुरानी रंजिश को लेकर एक राय होकर इसके घर के अंदर घुस गए

⏩ शेष पेज 14 पर

### मामले में 2 नाबालिग सहित 9 को किया गिरफ्तार





**प्रार्थी ने लगाए पुलिस पर आरोप:** घटना में घायल पिता के बेटे अजय राजपूत ने पुलिस पर आरोप लगाया कि सुबह विवाद होने के बाद चिखली पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया था, लेकिन उसे दोपहर को छोड़ दिया गया। वहीं घटना के पहले भी कई दफा पुलिस को फोन किया गया, लेकिन मौके पर बल नहीं पहुंचा। हत्या की वारदात होने के बाद चिखली चौकी के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। जबकि सुबह ही आरोपी ने धमकी दे दी थी कि शाम को हत्या कर दूंगा। प्रार्थियों ने सोमवार को चिखली चौकी का घेराव भी किया था।

**क्षेत्र में रातभर रही पुलिस :** घटनाक्रम की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं फायर बिग्रेड वाहन भी बुलाया गया। इससे पहले आग पर काबू पाया जा सकता, दोनों वाहन पूरी तरह जल गए थे। घटना से क्षेत्र में तनाव की स्थिति निर्मित हो गई थी। पूरी रात बड़ी संख्या में पुलिस जवान व अधिकारी मौके पर शांति व्यवस्था के लिए तैनात रहे।

**एक की मौत, दो गंभीर:** आक्रोशित आरोपियों ने किसन राजपूत और राकेश ढीमर सहित एक अन्य पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे राकेश ढीमर उम्र लगभग 29 वर्ष की मौत हो गई। वहीं किसन राजपूत व एक अन्य को गंभीर चोंटे आई है, जिसे उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। इधर उक्त चाकूबाजी और मारपीट की घटना से आसपास मौजूद लोग आक्रोशित हो गए और उन्होंने आरोपियों की कार को पलट दिया और आग के हवाले कर दिया। एक मोपेड को भी लोगों ने आग में फूंक दिया।

### लगा दी आग

बताया गया कि इधर उक्त चाकूबाजी और मारपीट की घटना से आसपास मौजूद लोग आक्रोशित हो गए और उन्होंने आरोपियों की कार को पलट दिया और आग के हवाले कर दिया। एक मोपेड को भी लोगों ने आग में फूंक दिया। इस घटनाक्रम की जानकारी जैसे ही पुलिस को मिली, पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं फायर बिग्रेड की वाहन भी मौके पर बुलाया गया। इससे पहले आग पर काबू पाया जा सकता, दोनों वाहन पूरी तरह जल गए। इस घटना से क्षेत्र में तनाव की स्थिति निर्मित हो गई थी। पूरी रात बड़ी संख्या में पुलिस जवान व अधिकारी मौके पर शांति व्यवस्था के लिए तैनात रहे।

**आरोपी गिरफ्तार, अन्य की तलाश:** पुलिस ने इस मामले में टीम गठित की थी। जिसके द्वारा मुखबीर की सूचना पर आरोपी पृथ्वी भट्ट 18 साल बजरंगपुर नवागांव, तौसिफ खान 18 साल गौरीनगर, जीत साहू 20 साल पूनम कालोनी वर्धमान नगर, मोहम्मद अहमद 19 साल इस्कान विहार कालोनी पीएम आवास, विमल कुमार यादव 22 साल बख्तावरचाल तुलसीपुर, शेख रजा उर्फ राजा 18 साल गौरीनगर, शेख उर्फ सोनू खान 18 साल गौरीनगर वार्ड एवं अन्य दो विधि से संघर्षरत बालक को घेराबंदी कर पकड़ा गया, जिन्हे थाना लाकर पूछताछ करने पर अपराध घटित करना स्वीकार किए। जिनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 2 नग स्टील का धारदार चाकू एवं आरोपियों का वक्त घटना को पहने कपड़े जब्त कर किया गया है।

# डीजे की धुन में नाच-गाने के बीच चला चाकू, युवक की मौत, 1 जवान निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



गणेश विसर्जन का पूरा माहौल सोमवार सुबह अचानक खून से लाल हो गया। दाऊचौरा विसर्जन स्थल पहुंचने से कुछ पहले सांस्कृतिक भवन के पास एक ही मुहल्ले दाऊचौरा में रहने वाले दो युवकों के बीच हुई मामूली कहा-सुनी हिंसक हो गई और देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि एक युवक ने 21 वर्षीय दीपक पिता स्व. रमेश यादव पर चाकू से हमला कर दिया।

नाचने-कूदने वालों की कुछ समझ में नहीं आया कि मामूली कहा-सुनी हिंसक हो गई है और साथ में नाच रहे दीपक को चाकू पड़ गया है। उसके जमीन पर गिरते ही कुछ लोगों को समझ में आया कि दीपक पर हमला हुआ है और आरोपी युवक खुखरीनुमा हथियार लेकर नाच रहा है। अफरा-तफरी मची तो हमला करने वाला युवक नाचते-नाचते भीड़ से निकल गया। आरोपी युवक ने दीपक पर चाकू से कमर और हाथ पर कई वार किया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर मौके पर ही बेहोश हो गया। घटना के बाद वहां मौजूद लोग तुरंत उसे मोटर साइकिल से सिविल अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद दीपक को मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम बाद अंतिम संस्कार के लिए पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया है।

### बहस के बाद वारदात

घटना के समय मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि दाऊचौरा से निकले विसर्जन जुलूस में दोनों साथ थे। किसी बात को लेकर देर रात इतवारी बाजार में दोनों का विवाद हुआ था, लेकिन मामला शांत हो गया था। डीजे की धुन पर नाच-गाना और उत्सव का रंग जारी था, लेकिन सुबह पांच से छह बजे के बीच जब जुलूस के दाऊचौरा एनीकट पहुंचने से पहले ही स्थिति बदल गई और छोटी सी बहस ने खतरनाक मोड़ ले लिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर विसर्जन जुलूस में शामिल युवाओं से पूछताछ शुरू कर दी है। फोरेंसिक विभाग ने भी अपनी जांच प्रारंभ कर दी है। वहीं वारदात में प्रयुक्त खुखरीनुमा लोहे का हथियार भी घटनास्थल से कुछ दूर पुलिस ने बरामद कर लिया है।

**दो आरक्षक निलंबित:** इधर इस मामले में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ भी एसपी लक्ष्य शर्मा द्वारा एक्शन लिया गया है। बताया गया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद भी इन कर्मचारियों द्वारा लापरवाही बरती गई। जिसके चलते प्रधान आरक्षक क्षेत्रपाल पैकरा और प्रधान आरक्षक लक्ष्मण श्रीवास्तव को निलंबित कर दिया गया है।

---

# पानीपुरी का स्टॉल लगाया और पकोड़े तलकर एनएचएम कार्यकर्ताओं ने किया रोटी संघर्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे एनएचएम के कर्मचारियों ने आज अनोखा प्रदर्शन किया। उन्होंने यहां चाय-पकोड़े की दुकान लगाई और अपने प्रदर्शन को रोटी संघर्ष नाम देते हुए सरकार को अपनी बेरोजगारी का संदेश दिया।

अपने हड़ताल के 22वें दिन एनएचएम कार्यकर्ताओं ने रोटी संघर्ष प्रदर्शन करते मोदी की गारंटी में किए गए वादे को पूरा करने कहा। इस दौरान उन्होंने हड़ताल स्थल पर ही चाट, पकोड़े, पानीपुरी, सब्जी, सलाद, पान और चाय बेचकर शासन को मांगे पूरी करने संदेश दिया। इस प्रदर्शन को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अमित कुमार पारधी ने कहा कि हम सब ने सामूहिक इस्तीफा दिया है। आज हम पकोड़े तलने को मजबूर हो गए हैं। उन्होंने कहा कि हमारी मांगों पर सरकार संवेदनशील नहीं है।

**पकोड़ा बेचने मजबूर कर रही सरकार**

ग्रेड-पे, नियमितीकरण, संविलियन, स्थानांतरण नीति निर्धारण, अनुकंपा नियुक्ति सहित अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे एनएचएम कर्मचारियों ने अपने प्रदर्शन के माध्यम से सरकार को इस्तीफा के बाद एनएचएम कर्मचारियों के बेरोजगार होने की स्थिति और उन्हें पकोड़ा बेचने सरकार द्वारा मजबूर करने का संदेश दिया।



**सरकार अपने वादे ही पूरी नहीं कर रही है**

एनएचएम कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदेश सरकार के खिलाफ मांगे पूरी करने को लेकर नारेबाजी की गई। उन्होंने कहा कि सरकार ने अगर हमारे पांच मांगे मान ली है तो फिर उसका आदेश जारी क्यों नहीं किया गया है। सरकार अपने किए वादे पूरा नहीं कर रही है।

# दस किलो सोना ले जा रहे वाहन को छोड़ना पड़ा भारी टीआई सहित तीन निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



फाईल फोटो

जंगल के रास्ते सोने की तस्करी में लिप्त एक व्यापारी के वाहन को बिना कार्रवाई किए बगैर ही छोड़े जाने की शिकायतें सामने आने के बाद एसपी ने संलिप्त थाना प्रभारी सहित एसआई और हवलदार को एसपी ने निलंबित किया है।

जानकारी अनुसार शनिवार रात सात बजे के आसपास चालानी कारवाई के दौरान पुलिस ने राजधानी के एक सोने-चांदी के व्यापारी की गाड़ी रोकी और तलाशी के दौरान उसमें सीट के नीचे छिपाकर रखा लगभग दस किलो कच्चा सोना पकड़ा, लेकिन देर रात गाड़ी और सोने को महज दो हजार रुपए का चालान काटकर विदा कर दिया। उस दौरान गाड़ी को छुड़ाने और सोना जब्ती से बचाने शहर के कतिपय सोना-चांदी के व्यापारी भी सक्रिय हो गए। जिनकी दखल और प्रभाव के साथ पैसों की खनक के चलते मौके पर मौजूद थाना प्रभारी आलोक साहू, एसआई नंदकिशोर वैष्णव और हवलदार तैजान ध्रुव भी ज्यादा देर तक खुद को संभाल नहीं पाए और इस बड़ी घटना की जानकारी जिले के पुलिस अधिकारियों की दिए बिना गाड़ी और सोना छोड़ दिया। हरिभूमि ने इस विषय पर जब पुलिस अफसरों से प्रतिक्रिया लेनी चाही तो उन्होंने कुछ भी कहने से इंकार कर दिया।

**रातों-रात व्यापारी सक्रिय**

देर रात शहर के प्रतिष्ठित सोने-चांदी के व्यापारियों की जंगल में आवाजाही को देखकर कुछ लोगों ने इसकी सूचना पुलिस के बड़े अधिकारियों को दी। देर रात पुलिस कप्तान ने पूरी घटना की सिलसिलेवार जानकारी लेकर गाड़ी और सोना छोड़ने के प्रकरण में वहां मौजूद तीनों अधिकारियों की भूमिका को संदिग्ध मानकर तीनों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

### राजधानी ले गए सोना

*सूत्रों से पता चला है कि उक्त सोना रायपुर के किसी प्रतिष्ठित व्यापारी का था, जिसे वो मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के रास्ते राजधानी लाने की फिराक में था, लेकिन चालानी कार्रवाई के दौरान सोना पुलिस की निगाह में आ गया और व्यापारी की किस्मत कहे या शहर के कतिपय व्यापारियों का सहयोग या लक्ष्मी की खनक कुछ घंटों की मशक्कत के बाद व्यापारी सामान सहित निश्चिंत हो गया।*

## अब तक जिले में 840 मिमी बारिश, हल्की बारिश के बने आसार

# चार दिनों के ब्रेक बाद 13 से बढ़ेगी बारिश की गतिविधियां सीजन का कोटा पूरा करने 200 मिमी बारिश की जरूरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



मानसून का सीजन अब अपने अंतिम चरण पर पहुंच चुका है। चार महीने तक चलने वाले मानसून सीजन के अंतिम 22 दिन ही शेष रह गए हैं। इस बार जुलाई महीने में बेहतर बारिश और अगस्त में औसत वर्षा के चलते अब तक आंकड़ा सामान्य से बेहतर ही बना हुआ है, लेकिन सीजन का कोटा पूरा करने के लिए अगले 22 दिनों में दो सौ मिमी बारिश की जरूरत पड़ेगी।

इधर मौसम विभाग के अनुसार अगले चार दिनों तक हालात सामान्य रहने के बाद 13 सितंबर से अंचल में मानसून की गतिविधियों में वृद्धि देखने को मिलेगी। हालांकि फिलहाल तापमान 33 डिग्री के करीब बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार मौजूदा मौसम का कारण एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे लगे पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी उड़ीसा तट और उत्तर आंध्रप्रदेश के तट से दूर स्थित है तथा यह 1.5 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर दक्षिण पूर्व पाकिस्तान, कच्छ, कोटा, उरई, सीधी, रांची, दीघा और उसके बाद पूर्व की ओर उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित होना है। हालांकि जल्द इसमें बदलाव देखने को मिलेगा और अंचल सहित प्रदेशभर में बारिश की गतिविधियों में तेजी आएगी।

### हल्की से मध्यम वर्षा के आसार

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में कल 9 सितंबर को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात होने की संभावना है। प्रदेश में 13 सितंबर से वर्षा की गतिविधि में वृद्धि होने की संभावना है।

### अब तक 840 मिमी बारिश

प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार अब तक जिले में कुल 840 मिमी बारिश दर्ज की गई है। यह सामान्य से 12 फीसदी बेहतर है। डोंगरगढ़ ब्लॉक में 940 मिमी, एलबी नगर में 830, राजनांदगांव में 1104, घुमका में 727, छुरिया में 651, कुमरदा में 750 और डोंगरगांव ब्लॉक में 818 मिमी बारिश हुई है। केवल घुमका और छुरिया ब्लॉक ही सामान्य बारिश से पीछे है, शेष सभी में बेहतर बारिश हुई है।

## खबर संक्षेप



### कंप्यूटर एकेडमी में शिक्षकों का सम्मान

**मोहला।** ठाकुर कंप्यूटर एकेडमी अंबागढ़ चौकी में शिक्षक दिवस हर्ष और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने शिक्षकों को सम्मानित कर आभार व्यक्त किया। विभिन्न सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राज्यपाल सम्मानित शिक्षक नीलकंठ कोमरे, विशिष्ट अतिथि देवकुमार यादव, राजेश्वर साहू, लेखराम ठाकुर, विजय ठाकुर, राजू निर्मल, शांता निषाद एवं भुनेश्वरी थे। स्वागत गीत के बाद विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य, कविताएँ एवं नाटिका प्रस्तुत किया। शिक्षकों को पेन एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। मेधावी विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। अतिथियों ने भी शिक्षक दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला।

### सेजेस के छात्रों को तकनीकी ट्रेनिंग



**छुरिया।** पीएमश्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी एंव हिन्दी माध्यम विद्यालय में पांच दिवसीय तकनीकी इंटर्नशिप कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय इलेक्ट्रानिकी एंव सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान भुनेश्वर ने किया। कार्यक्रम में अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण में मैथ्स विवि के सहायक प्रध्यापक आशीष कुमार, सहायक मनीष साहू ने विद्यार्थियों को पायथन के प्रयोग, जटिल विषय वस्तु आदि के बारे में बताया। कार्यक्रम में प्राचार्य योगेश साहू ने शामिल होकर छात्रों को मार्गदर्शन दिया।

### हॉस्पिटल भवन की मांग



**डोंगरगढ़।** जिला पंचायत सभापति अनिता मंडावी ने मेडिकल कॉलेज में सिटी स्केन मशीन का उद्घाटन करने पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल से मुलाकात कर दो साल पहले स्वीकृत बोरतलाव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को शुरू करने की मांग की। उन्होंने बताया कि भवन के अभाव में अस्पताल अब तक संचालित नहीं हो रहा है। स्वास्थ्य मंत्री ने आगामी बजट में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोरतलाव के भवन निर्माण की स्वीकृति देने का आश्वासन दिया है। इस दौरान अरविंद नंदेश्वर, उपकारसिंह ठाकुर, शिवप्रसाद बल्हारे आदि मौजूद थे।

### शिक्षक लिल्हारे सहित अन्य का सम्मान



**मुसरा।** ग्राम पंचायत मुसरा में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। माँ सरस्वती की पूजा अर्चना के बाद हाल ही में राज्यपाल से सम्मानित पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक मुन्हेलाल लिल्हारे का ग्राम पंचायत ने सम्मान किया गया। अन्य शिक्षकों का भी सम्मान किया गया। इस मौके पर श्री लिल्हारे ने शिक्षा के महत्त्व पर प्रकाश डाला तथा अपने अनुभव साझा किया। उन्होंने बताया की शिक्षा ग्रहण करने से चेतना जागृत होती है जिससे मनुष्य के जीवन में अनुशासन, करुणा, का विकास होता है। इस अवसर पर जनपद सदस्य सीमा साहू, सरपंच गायत्री टेंभुरकर, व्यापारी संघ के अध्यक्ष बजरंग साहू, ओमकार लिल्हारे, शंकर साहू, पंचायत सचिव मोहित साहू, कंवल निर्मलकर, शिव टेभुरकर सहित अन्य मौजूद थे।







### विसर्जन झांकी देखने धर्मनगरी में उमड़े लोग, आकर्षक झांकियों ने लोगों को लुभाया

# नयनाभिराम झांकियों के साथ गणपति को विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

प्रथम पूज्य गणेश को नौ दिन तक पूजा के बाद अनंत चतुर्दशी को श्रद्धा के साथ बिदाई दी गई। लगभग 7 हजार छोटी बडी प्रतिमा का विसर्जन शोभायात्रा एवं नयनाभिराम झांकियों के साथ किया गया। धर्म नगरी में पिछले 25 साल से विसर्जन झांकी निकालने की गौरवशाली परंपरा के अनुसार इस बार भी विभिन्न समितियों ने रामायण, महाभारत, शिव पुराण सहित अन्य धर्मिक ग्रंथों के अलावा छत्तीसगढ संस्कृति पर मनमोहक झाकियां निकाला। इस दौरान विभिन्न धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक दलों और प्रेस क्लब ने पंडाल लगाकर स्वागत अभिनंदन किया।

पुलिस की तगडी सुरक्षा व्यवस्था के बीच विभिन्न झाकियां नगर भ्रमण करते हुए गोल बाजार, जयस्तंभ चौक, खंडूपारा, रेल्वे चौक, बुधवारी गुरूद्वारा चौक, जैन मंदिर होते हुए महावीर तालाब पहुंची। चंद्रग्रहण के प्रभाव को देखते हुए विसर्जन झांकी के साथ सभी समितियों ने गणेश प्रतिमा को पर्दा से ढक दिया था। रात 10 बजे से शुरू हुआ विसर्जन का सिलसिला दूसरे दिन सुबह 9 बजे तक जारी रहा। शहर में निकली झाकियों में इस बार 10 झाकियां आकर्षण का केन्द्र रही। शहर और आसपास के हजारों लोग ने उपस्थिति दर्ज कराकर आयोजन में सहभगिता निभाई। नए तकनीक के डीजे, ढोल नंगाडों और गणपति बप्पा मोरिया के जय कारों के साथ युवाओं की टोली नाचते नजर आई।

## सारी रात रही चहल-पहल, पुरस्कारों की घोषणा

### दिखी आकर्षक कला

विसर्जन झाकी में तारण पिपलेश्वर महादेव थाना चौक, श्री राम श्तु निर्माण और गिल्हरी की सेवा भक्ति, विनर क्बल भगत सिंह चौक कुंभकरण युद्ध, श्री सांई समिति ढिपरापारा ने बस्तर की लोक कला एवं गणपति उत्पत्ति एवं षिव पुराण पर आधारित गणेश के नए स्वरूप, बाल गणेश समिति महावीर पारा ने वासुकी नाग और गरूड युद्ध और भगवान शंकर द्वारा युद्ध की शांति, शक्ति क्लब राधिकानगर ने गणेष मुसक सवारी, बाल गणेश समिति कालका पारा ने इंद्र के सिंहासन को सर्प दोस से मुक्त कराते शंकर, गरीबी रेखा भगत सिंह चौक ने आदिवासी कला, सेवा एवं नृत्य, स्टार क्लब बुधवारी पारा ने रामायण, वीर क्लब शुक्रवारी पारा ने रावण की तपस्या पर आधारित झांकी का प्रदर्शन किया।



**300 जवान तैनात**

सुरक्षा के लिहाज ने धर्मनगरी में निकली विसर्जन झांकी के दौरान लगभग 3 सौ जवान सुरक्षा की कमान संभाले हुए थे। एसडीओपी आशीष कुंजाम, थाना प्रभारी उपेन्द्र शाह सहित अन्य अधिकारी ने व्यवस्था संभाले हुए थे। विसर्जन श्रद्धा और शांति के साथ संपन्न हुआ।

### जनप्रतिनिधि रहे मौजूद

मां बम्लेष्वरी ट्रस्ट समिति, मंगल मुर्ति सेवा समिति, प्रेस क्लब, भाजपा, हनुमान भक्त समिति, ब्लाक कांग्रेस कमेटी, सिद्धी विनायक, एकता मंच रेल्वे चौक, आल फ्रेंडस क्लब बुधवारी, मारोति नंदन भक्त समिति, टेकरी वाले यंग मुस्लिम कमेटी ने विभिन्न पुरूस्कार की घोशणा की। विसर्जन के दौरान दर्शकों के लिए जलपान की निःशुल्क व्यवस्था किया गया था। इस दौरान विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, विनोद खंडेकर, रामजी भारती, ट्रस्ट समिति अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, महेन्द्र परिहार, महेन्द्र पटेल, तरूण हत्थेल, रामकृष्ण कन्नौजे, भारत ठाकुर, विनित यादव, विनय बंसल, सत्यप्रकाश मिश्रा, रमन डोंगरे, जस्मित सिंह बन्नोआना, हनी गुप्ता, सुमित मिश्रा, विजयराज चौहान, प्रकाश महानदी, गणेश साहू, अशोक साहू, विपुल अग्रवाल, केशव नरेडी, तुलसी मिश्रा, विष्णु लोधी, विजेन्द्र ठाकुर, बिरेन्द्र सोनी, परविंदरसिंह मोंटी, विशु खांडेकर, जितेन्द्र हिरवानी, सरफराज खान, मधु अग्रवाल, गौतम चोपडा, योगेश अग्रवाल, कुलदीप साहू, बबलू शांडिल्य सहित अन्य मौजूद थे।

# विविध सेवा कार्य करेंगे भाजपाई

### सेवा पखवाड़ा 17 से, कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन को लेकर भाजपा द्वारा सेवा पखवाड़े का आयोजन किया गया है। आगामी 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक सेवा पखवाड़े के तहत विभिन्न कार्यक्रम तय किए गए है। इसी कड़ी में मंगलवार को गंधर्व भवन में जिला स्तरीय सेवा पखवाड़ा के तहत कार्यशाला आयोजित की गई है। मुख्य वक्ता खैरागढ़ के जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह थे।

कार्यशाला में जिला भाजपा अध्यक्ष दिलीप वर्मा ने कहा कि सेवा पखवाड़ा कार्यकर्ताओं को जनता से जोड़ने का माध्यम बनेगा। श्री वर्मा ने कहा कि मोदी ही ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जो अपने जन्म दिवस को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाते हैं। इस अभियान के माध्यम से सेवा करने का अवसर प्राप्त होता है।

### रक्तदान शिविर 17 को

कार्यशाला में बताया गया कि 17 सितंबर को जिला स्तर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा बूथ स्तर पर स्वच्छता अभियान आयोजित किया जाएगा। 17 से 24 सितंबर तक पीएचसी, सीएचसी आरोग्य मंदिर में स्वास्थ्य शिविर में जनसहभागिता के लिए योजना बनाई जाएगी। 17 सितंबर को सामुदायिक केंद्रों पर प्रधानमंत्री का लाइव सम्बोधन सुना जाएगा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष दिलीप वर्मा, जिपं अध्यक्ष नम्रता सिंह, मदन साहू, भोजेश शाह सहित अन्य मौजूद थे।

# जर्जर सड़कों से रोज हो रही दुर्घटनाएं

### नगर अध्यक्ष ने दी आंदोलन की चेतावनी, पहले भी कर चुके प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

लोक निर्माण विभाग की सड़क अब दुर्घटना का पर्याय बन गई है। राजीव गांधी चौक से लाल भीष्मदेव शाह चौक तक सड़क पर गढडे हो गए है। इस रूट में प्रतिदिन छोटी बड़ी दुर्घटनाएं हो रही है। परेशानी को देखते हुए कई महिनों से मरम्मत कराने की मांग हो रही है लेकिन पीडब्ल्यूडी विभाग के उदासीन होने से सड़क पर हादसे बढने लगे है।

जानकारी के अनुसार राजीव गांधी चौक एवं लाल भीष्मदेव शाह चौक होते हुए शहीद चौक, बस स्टैंड मार्ग पूरी तरह जर्जर हो गई। राजीव चौक से पीएनबी बैंक के मध्य असंख्य गढडे हो गए है। इन गढडों के चलते हर दिन दुर्घटना हो रही है। दुपहिया वाहन चालक अनियंत्रित होकर गिर रहे है। सेवानिवृत्त सीईओ एचएल शेंडे, धर्मेन्द्र रामटेके, रमेश साहू, गोलू साहू, बंटी शर्मा, संतोष पांडे, संजय लाटा ने बताया कि इस मार्ग में 24 घंटे वाहनो की आवाजाही होती है। मार्ग के जर्जर होने से हादसे हो रहे है। बीते दो तीन माह से गढडों को भरने एवं मरम्मत कराने की मांग की जा रही है लेकिन लोक निर्माण विभाग के मूकदर्शक बना हुआ है।



### मरम्मत कराया जाएगा

लोक निर्माण विभाग के ईई ऋतु खरे ईई ने बताया कि समय समय पर मेन रोड को दुरूस्त किया गया है। गढडों की डस्ट से फिलिंग कराई गई है। बारिश के बाद जर्जर सड़क को ठीक कराया जाएगा।

### डामर गायब, गिट्टियां बिखरी

चौकी- पांगरी सड़क भी पूरी तरह जर्जर हो गई है। डामर एवं गिट्टी उखड़कर बाहर आ गई है। मार्ग पर छोटे बड़े गढडे उभर आए हैं। वाईन शाप जाने वाले इस मार्ग में 24 घंटे वाहनों की आवाजाही रहती है लेकिन प्रातः 10 से अर्द्ध रात्रि तक हेवी ट्रेफिक रहता है।

### अध्यक्ष ने दी आंदोलन की चेतावनी

माह भर पहले जर्जर सडक को दुरूस्त करने की मांग को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय का घेराव किया था। उन्होंने सड़क के गढढों में धान का थरहा लगाकर प्रदर्शन किया था। आंदोलन के दौरान ही विभाग ने मेन रोड के गढढो को भरवाया था जो अब जैसे के तैसे हो गए हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष ने मेन रोड को दुरूस्त करने की मांग की है। उन्होंने नागरिकों के साथ एसडीओ कार्यालय का घेराव करने की चेतावनी दी है।

# विशाल स्वास्थ्य शिविर 10 को घुमका में

**घुमका।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घुमका में 10 सितम्बर बुधवार को छत्तीसगढ़ की रजत जयंती के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में विभिन्न रोग विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे। बीएमओ नंदकिशोर टंडन ने क्षेत्र की जनता से स्वास्थ्य लाभ लेने शिविर में आने की अपील की है। उन्होंने बताया कि जो व्यक्ति अपना या परिजनों का निःशुल्क उपचार कराना चाहते है, वह बुधवार को सुबह दस बजे से चार बजे तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच कर लाभ उठा सकते हैं।

### संघकीर्ति नंदेश्वर का निधन



**डोंगरगढ़।** गौतम नगर वार्ड 3 निवासी संघकीर्ति नंदेश्वर का आकस्मिक निधन हो गया है। जिसकी अंतिम यात्रा निज निवास स्थान से छिरपानी मुक्तिधाम गई जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया।

# स्कूल का बढ़ा गौरव, बच्चों ने प्राचार्य का किया सम्मान



**डोंगरगांव।** पूर्व राष्ट्रपति डां राधाकृष्णन के जन्मदिन को सभी स्कूलों में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया किन्तु चार दिन बाद उच्चतर माध्यमिक शाला बीजाभांठा में एक अलग ही अंदाज और बेहद की खुशनुमा माहौल में मंगलवार को मनाया गया। वजह यह थी कि यहां की प्राचार्य डां सुश्री शोभा श्रीवास्तव प्रदेश का सबस बड़ा सम्मान हासिल कर स्कूल पहुंची थी। पुरस्कार मिलने की खुशी में बच्चों और शिक्षकों ने मंगलवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया था।

उल्लेखनीय है कि उच्चतर माध्यमिक शाला बीजाभांठा में पदस्थ प्राचार्य सुश्री शोभा श्रीवास्तव को शिक्षक दिवस के मौके पर महामहिम राज्यपाल रमन डेका ने सम्मानित किया था। सम्मान समारोह का आयोजन मंगलवार को किया गया। प्राचार्य के इनाम के साथ शाला पहुंचने पर बच्चों ने ढोल बाजे के साथ अगवानी की वहीं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने पुष्प गुच्छ भेंटकर और तिलक वंदन कर स्वागत किया। इस मौके पर आयोजित समारोह में बच्चों ने शिक्षकों की सेवा, समर्पण और योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनका सम्मान किया।

### अपनों और बच्चों का मिला साथ

इस मौके पर प्राचार्य सुश्री श्रीवास्तव ने कहा कि किसी भी सफलता के पीछे अपनों का बड़ा हाथ होता है। उन्हे शाला के सभी स्टाफ का साथ और बच्चों की कड़ी मेहनत ने इस मुकाम तक पहुंचाया है। स्टाफ ने जहां पूरी निष्ठा के साथ अपने कर्तव्य का निर्वहन किया था वहीं शिक्षकों की मंशा और अपेक्षा को भांपते हुए बच्चों ने कदम कदम से मिलाकर चलते हुए शाला को सफलता के शिखर तक पहुंचाने में अपना योगदान दिया। इस मौके पर टोमन साहू, भागवत साहू, बसंती कुलदीप, कुमारी रूपूदास साहू मौजूद थे।

### जैन अनुयायियों ने श्रद्धा के साथ मनाया पर्यूषण पर्व

# त्याग तपस्या के बाद उत्साह से निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

ऋषि पंचमी से अनंत चतुर्दशी तक जैन धर्म के अनुयायियों ने श्रद्धा और भक्ति के साथ पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व मनाया।

इस साल यह आयोजन जैनाचार्य विद्यासागर और समय सागर महाराज की शिष्या आर्यिका श्री 105 आदर्श मति माता के साथ संघस्स्थ आर्यिका 105 श्वेतमती माता एवं आर्यिका श्री 105 विदेहमति माता के पावन सानिध्य में उत्साह के साथ किया गया।

दस दिवसीय पर्व के दौरान प्रतिदिन दिगंबर जैन मंदिर में प्रातः अभिषेक, शांतिधारा, सामूहिक पूजन, तत्वार्थ सूत्र वाचन, आरती किया गया। माताजी के आशीर्वचन से धर्मप्रेमियों को आत्मोन्नति का संदेश प्राप्त हुआ।





### धार्मिक आयोजन

दस दिवसीय पर्व के दौरान धार्मिक आयोजन हुए साथ ही विविध रंग भरते हुए महिला मंडल, संस्कार मंडल एवं पाठशाला परिवार ने फैंसी ड्रेस, जोड़ी कमाल की, एक मिनट गेम्स, नृत्य-नाटक, अंताक्षरी एवं भजन संध्या आदि का आयोजन किया।

**40 ने किया कठिन उपवास**

पर्युषण पर्व के दौरान जैन समाज के 40 महिला, पुरुष और युवाओं ने व्रत किया। जानकारी के अनुसार श्वेता जैन विद्याश्री, संस्कृति जैन, श्वेता जैन, नेहा जैन, शुभम, सजल, मंयक ने 10, माही जैन, दीपा जैन, रितेश जैन ने 7, दीपांशी ने 6, समृद्धि ने 5 उपवास किया। इसके अलावा समीक्षा, पारुल, संस्कृति, स्वाति, इशू, डॉ दीपा, दीपा, श्वेता, किरण, शालिनी, श्वेता, श्वेता भाऊ, प्रभा, धारा, नेहा, रक्षा, पलक, अभिलाषा, रुपिता, सजल, विजेता, रचना, राशि, ज्योत्सना, स्वाति, निक्की, मयंक, माही, शुभम, पीहू, ऋषिका, अंकिता ने भी व्रत का पालन किया।

### निकाली शोभायात्रा

श्री विद्यासमयादर्श चातुर्मास प्रभावना समिति के अध्यक्ष डॉ. रमेश जैन राही ने बताया कि समाज के सहयोग से इस साल का आयोजन ऐतिहासिक एवं अविस्मरणीय बन पाया। पर्व के बाद मंगलवार को शोभायात्रा निकाला गया। शोभायात्रा जैन मंदिर से आरंभ होकर इंदिरा गार्डन, पुराने बस स्टैंड, मुख्य मार्ग, श्री राम द्वार, फव्वारा चौक से सदर लाईन होते हुए वापस मंदिर पहुंची। यहां पुनः अभिषेक-पूजन किया गया। शोभायात्रा में देशराज जैन, जिनेन्द्र जैन, सतीश जैन लल्ली, राजकुमार जैन, विमलकुमार, प्रबोध जैन, ऋषभ जैन, पवन जैन, अनुज जैन, राकेश जैन लल्ला, धर्मेंद्र जैन, निखिल जैन, राकेश जैन पिंटू, प्रियंक जैन, प्रफुल्ल जैन, अजित जैन, ओमप्रकाश जैन, संजय आलोक लालाजी, परख, प्रीत, सजल, गौरव, नमन, अभिषेक, वकील जैन, पिंकी, राजेश जैन, सीए हिना जैन, राजश्री जैन, सरिता जैन, रेखा जैन, सरस्वती जैन, राजकुमारी, शशि, नम्रता, श्वेता, नीलम, दर्शना, कविता, स्नेहलता, ज्योति, रुचिता, अनु, दामनी, शिल्पी, रक्षा सहित बड़ी संख्या में समाजिक जन शामिल हुए।

## सार समाचार

### सीटी स्कैन का लोकार्पण, चेम्बर ने जताया आभार

**राजनांदगांव।** शहर के मेडिकल कॉलेज में बहु प्रतिक्षित मांग सीटी स्कैन मशीन के शनिवार को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह द्वारा लोकार्पण किए जाने पर चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश संरक्षक खूबचंद पारख, अध्यक्ष



कमलेश बैद, प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद डड्ढा, ज्ञानचंद बाफना, आलोक बिंदल, भीमन धनवानी, प्रदेश मंत्री तरूण लहरवानी, अमर लालवानी, राजकुमार बाफना, शिव अग्रवाल, महामंत्री अरुण डुलानी ने रमन सिंह एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का धन्यवाद ज्ञापित करते कहा कि इससे गरीब मरीजों को लाभ मिलेगा और गंभीर मर्ज में जांच और बीमारी के निदान में भी आसानी होगी। इस अवसर पर चेंबर ऑफ कॉमर्स के वरिष्ठ सलाहकार राजा माखीजा, भागचंद गीडिया, प्रशांत कांकरिया, गिनी चावला, योगेश खत्री, राजकुमार बाफना सहित बड़ी संख्या में चेंबर के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### आज छग वन्यजीव बोर्ड की बैठक

**राजनांदगांव।** छग वन्यजीव बोर्ड के 15वीं बैठक मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कल 9 सितंबर को शाम 5 बजे मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर अटल नगर में आयोजित की जाएगी। उक्त बैठक में अनुसूचित जनजाति वर्ग के नीलकंठ गढ़े शामिल होंगे।

### मनगटा स्कूल में सामान्य ज्ञान परीक्षा आयोजित

**राजनांदगांव।** छात्र युवा मंच परिवार द्वारा बीते 12 वर्षों से लगातार विद्यार्थियों के बीच विभिन्न जागरूकता एवं सामान्य ज्ञान परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। संस्था ने रक्तदान, शतरंज, साइबर सुरक्षा और



यातायात जागरूकता जैसे विषयों पर विशेष कार्य किया है। इसी श्रृंखला में शनिवार को शासकीय हाईस्कूल मनगटा में शतरंज व रक्तदान जागरूकता सामान्य ज्ञान परीक्षा का सफल आयोजन हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के 68 से अधिक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परीक्षा को व्यापम व पीएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तर्ज पर ओएमआर शीट के माध्यम से आयोजित किया गया। प्रदेश तकनीकी प्रमुख प्रवीण मारकंडे ने बताया कि आज की अधिकांश प्रतियोगी परीक्षाएं जैसे व्यापम, पीएससी, रेलवे, बैंक, एसएससी आदि ओएमआर शीट के माध्यम से आयोजित की जाती है। ऐसे में विद्यार्थियों को पहले से इसकी प्रैक्टिस कराना बेहद जरूरी है। ग्राम मनगटा में शाला विकास समिति अध्यक्ष उमाशंकर, प्राचार्य व शिक्षका संगीता गुप्ता, वीणा साहू, रजनी देवांगन, अनुराधा साहू और भावना ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देकर परीक्षा को सफल बनाने में विशेष सहयोग प्रदान किया।

### संस्कार सिटी कॉलेज में मनाया गया शिक्षक दिवस

**राजनांदगांव।** शिक्षक दिवस पर संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन ठाकुरटोला राजनांदगांव में शनिवार को भव्य आयोजन किया गया। बीएड



एवं डीएलएड के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से शिक्षक दिवस को यादगार बना दिया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुई, जिसे महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा ने संपन्न किया। तत्पश्चात छात्र-छात्राओं ने परंपरागत तरीके से सभी शिक्षकों का तिलक कर श्रीफल भेंट किया और उनका सम्मान किया। प्रशिक्षणार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। जिसमें गीत, नृत्य और नाट्य रूपांतरण शामिल रहे। वहीं मनोरंजक खेलों का भी आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं के साथ-साथ शिक्षकगण भी सहभागी बने।

### समर्पित भाव के साथ करें समाज की सेवा : नीरेन्द्र

**राजनांदगांव।** तहसील साहू संघ राजनांदगांव द्वारा आयोजित छात्रावास भवन में भूमिपूजन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह



में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के अध्यक्ष डॉ. नीरेन्द्र साहू ने कहा कि समाज का वास्तविक विकास तभी होगा, जब हम संगठित एवं समर्पित भाव के साथ समाज की सेवा में लग जाए। डॉ. साहू ने प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव का धन्यवाद किया। जिसने समाज के उत्थान एवं विकास हेतु 15 लाख स्वीकृति दिया। अध्यक्षता भागवत साहू व विशिष्ट अतिथि कमल किशोर साहू, मोती साहू, नीरा साहू, शैलेन्द्र साहू, नीलमणि साहू, विवेक साहू, नोबल साहू, माधव साहू, यशवंत साहू शामिल थे। आयोजन में अंजू साहू, मनोज साहू, शिव साहू, डॉ. महेश साहू, गोपाल साहू, तिमला साहू, तेजेश्वरी साहू, केशरी साहू, चंद्रशेखर साहू, चंद्रभूषण साहू, रमाकांत साहू, दिनेश साहू, जोगीराम साहू, कुलेश्वर साहू सहित बड़ी संख्या में तहसील एवं परिक्षेत्र के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### स्कूल में मनाया गया शिक्षक दिवस

**राजनांदगांव।** डॉ. जेबी सिंह मेमोरियल सीनियर सेकंडरी स्कूल राजनांदगांव में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की



शुरूआत दीप प्रज्जवलन एवं सरस्वती वंदना से हुई। विद्यार्थियों ने शिक्षकों के सम्मान में रंगारंग प्रस्तुतियां दी। जिनमें गीत, कविता और रोल प्ले शामिल थे। शिक्षकों ने भी बच्चों के आग्रह पर सामूहिक गीत, एकल गीत, नृत्य प्रस्तुत किया और हर्षोल्लास का माहौल बना दिया। इस अवसर पर डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को विशेष रूप से याद किया गया। प्रधानाचार्य ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों के पथ प्रदर्शक होते हैं। उन्होंने बताया कि डॉ. राधाकृष्णन एक महान शिक्षक, दार्शनिक और भारत के राष्ट्रपति रहे। उनका जीवन हमें सिखाता है कि शिक्षा ही व्यक्ति को सच्चा नागरिक बनाती है। समारोह का समापन शिक्षकों को सम्मान पत्र और उपहार प्रदान कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रशासक संजय बहादुर सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, अकैडमी डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल, प्रिंसिपल एकता खंडेलवाल , मनीषा, इला ने सभी शिक्षकों को शुभकामनाएं दी।

---

### कलेक्टर ने स्वास्थ्य अधिकारियों एवं चिकित्सकों की ली बैठक

# निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर 17 को रायपुर व दुर्ग के डॉक्टर देंगे सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में शासकीय मेडिकल कालेज में 17 सितम्बर 2025 को गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों के लिए निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर आयोजन की तैयारी के संबंध में स्वास्थ्य अधिकारियों एवं चिकित्सकों की बैठक ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिवस भी 17 सितम्बर को है।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि जिले में जनसामान्य को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ देने के लिए निःशुल्क वृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा।

गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों को शासकीय एवं निजी हॅास्पिटल के रायपुर, दुर्ग, भिलाई से आए विशेषज्ञ चिकित्सक जनसामान्य को चिकित्सा सेवाएं देंगे। नागरिकों में स्वास्थ एवं सेहतमंद रहने तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के लिए निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की टीम को एक दिवसीय निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर की तैयारी करने के निर्देश दिए।



#### शिविर में बनेंगे आयुष्मान कार्ड

उन्होंने कहा कि मरीज अपने साथ अपना आधार कार्ड भी लेकर आएंगे। आवश्यकता होने पर उनका आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए कहा। उन्होंने नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड से संबंधित एक अलग से स्टॉल होना चाहिए। मरीजों को अपनी पुरानी बीमारियों के दस्तावेज एवं आधार कार्ड लेकर आने के लिए जानकारी प्रदान करने के लिए कहा। शिविर में वैलेंटियर्स की भी ड्यूटी लगाएं।

#### जांच भी होगी निःशुल्क

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने मरीजों की स्वास्थ्य जांच के लिए लैब टेस्ट, सीटी स्कैन, सोनोग्राफी, इको के माध्यम से परीक्षण हेतु सुविधाओं के लिए कहा। शिविर में रनर्स सिस्टम एवं वाहन की व्यवस्था तथा स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए आवश्यक मानव संसाधन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

#### शीघ्र शुरू होगा पंजीयन

मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरूचि सिंह ने कहा कि मेगा स्वास्थ्य शिविर में मरीजों को लाने-ले जाने के लिए व्हील चेयर की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पंजीयन के लिए हर विभाग अलग-अलग वालिंटियर्स की ड्यटी लगाएं।

#### गंभीर बीमारियों से ग्रस्त मरीजों का होगा चिन्हांकन

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, भारतीय रेडक्रास सोसायटी, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित मेगा स्वास्थ्य शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ, बाल हृदय रोग विशेषज्ञ, अस्थि रोग विशेषज्ञ, गैस्ट्रोलॉजिस्ट, नेफ्रोलॉजिस्ट एण्ड सर्जरी, न्यूरोलॉजिस्ट, ऑकोलाजी सहित एमडी मेडिसिन एवं सर्जरी से जुड़े चिकित्सक उपस्थित रहेंगे। उन्होंने सभी बीएमओ से कहा कि गंभीर बीमारी से ग्रसित मरीजों का चिन्हांकन करते हुए उनके ईलाज के लिए प्राथमिकता से कार्य करने की जरूरत है।

---

## कानफोड़ू डीजे में बजे अश्लील गाने

**खैरागढ़।** गणेश प्रतिमा विसर्जन अवसर पर देर रात शहर में निकली झांकियों ने लोगों की श्रद्धा और आस्था को तो झकझोरा ही। साथ ही कानफोडू डीजे और अश्लील गीतों ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया। रात नौ बजे से सुबह सात बजे तक गूंजती तेज आवाज से बुजुर्ग, बच्चे और बीमार लोग सो नहीं पाए। ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण नियम अनुसार रात दस बजे के बाद तेज आवाज में डीजे बजाना प्रतिबंधित है, लेकिन इस पर पुलिस और प्रशासन ने कोई सख्ती नहीं दिखाई। जिसके चलते देर रात तक डीजे की गडगडाहट और अश्लील गीतों से लोग परेशान होते रहे।

#### थाना पहुंचे अनिल ने बताई समस्या

विसर्जन जुलूस में कानफोड़ू डीजे से परेशान भाजपा नेता और कारसेवक अनिल अग्रवाल ने एसडीएम और थाना में अपनी स्वास्थ्यगत समस्या का हवाला आवेदन के माध्यम से देकर इस विकराल समस्या के स्थाई निदान की मांग की है। वहीं बीमार पति की देखभाल करने वाली महिला ने बताया कि पूरी रात नींद नहीं आई, अस्पताल जैसी शांति घर में चाहिए, लेकिन कानफोडू डीजे ने हालत बिगाड़कर रख दिया। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि आने वाले धार्मिक आयोजनों को भक्ति और संस्कृति से जोड़कर शांतिपूर्ण व गरिमामय बनाया जाए, ताकि त्योहार उत्साह और शांति से मने, किसी की परेशानी का कारण ना बने। नीलेश यादव का कहना है कि धार्मिक आयोजनों की आड़ में अश्लीलता और शोरगुल किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है।

#### नोटिस जारी

विसर्जन जुलूस निकालने से पहले सभी गणेश समितियों को स्पष्ट रूप से चेतावनी दी गई थी कि नियमों का ध्यान रखे। शिकायत मिली है। सभी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा जाएगा और आने वाले समय में इसकी पुनरावृत्ति ना हो, इसका पूरा ध्यान रखा जाएगा।

\- टंकेश्वर प्रसाद साहू, एसडीएम

---

## गणेश प्रतिमाएं विसर्जित, मंच के लिए डेढ़ लाख की घोषणा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

अंचल में गणेश पर्व भक्तिमय माहौल में मनाया गया। लोग गणेश प्रतिमा स्थापित करने के बाद भजन कीर्तन में एवं सेवा लगे रहे। इस दौरान सभी गांव में विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी हुए। शनिवार को अनंत चतुर्दशी के बाद गणेश प्रतिमा का विसर्जन का सिलसिला शुरू हो गया। ग्राम में रविवार को मित्र मंडल गणेश उत्सव समिति द्वारा गणेश विसर्जन में महाशोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें गुरू कृपा धूमाल ने समां बांधे रखा। प्रतिमा विसर्जन समारोह में अतिथि के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता मोतीलाल जंघेल, जनपद सदस्य डोमार सिंह भेड़िया, सरपंच प्रतिनिधि लोमश वैष्णव, राधे मोहन वैष्णव, अश्विनी वैष्णव, रामकृष्ण वैष्णव, हेमंत, चन्द्रशेखर रजक सामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद सदस्य डोमार सिंह ने बच्चों के उत्साह एवं कुशल संचालन के लिए बधाई दिया। उन्होंने धार्मिक कार्यों में लोगों की एकजुटता को सराहा तथा मंच निर्माण के लिए डेढ़ लाख रूपये की घोषणा की।

---

# गंडई थाना पहुंचे धोधा के शिकायतकर्ता

### फसल बीमा के नाम पर धोखाधड़ी करने वालों पर एफआईआर करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

ग्राम पंचायत धोधा में फसल बीमा योजना के तहत बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी का सनसनीखेज मामला कुछ हफ्ते पहले सामने आया था। जिस पर जिला कलेक्टर को लिखित शिकायत भी ग्रामीणों ने पूर्व में किया था जांच भी हुई पर जानकारी अनुसार जांच अभी भी अधूरी है।

मामले को लेकर शिकायतकर्ता पूर्व के मंत्रियों के पास भी गए। वही उक्त मामले पर एफआईआर कराने गंडई थाना भी गए और लिखित आवेदन पेश किए। आवेदन में शिकायतकर्ताओं ने बताया कि दस्तावेज लेखक और बीमा एजेंट सहित कुछ लोगों ने मिलकर सरकारी जमीन, गुमशुदा व्यक्ति की जमीन और अन्य ग्रामीणों की जमीन का फर्जी तरीके से बीमा कराकर लाखों रुपए की राशि हड़प ली है। दोनों ही शिकायतकर्ताओं ने स्थानीय प्रशासन से इस पूरे मामले की गहन जांच करने और सभी आरोपियों, जिनमें अनीष गौतम, भूमिका ठाकुर, सुनील वर्मा और खुमान शामिल हैं, के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी का मामला दर्ज कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। इस दौरान शिकायतकर्ताओं में सीताराम, रामाधार, किसन, लक्ष्मण, संतोष, प्रकाश एवं अन्य लोग शामिल रहे।



#### लापता आदिवासी की जमीन भी नहीं छोड़ी

इस जालसाजी का एक और चौंकाने वाला मामला गांव की संतोषी बाई गोंड़ ने सामने रखा है। संतोषी बाई के पति मांगीलाल, जो एक आदिवासी हैं, पिछले 7 वर्षों से लापता हैं। संतोषी बाई की शिकायत के अनुसार, एआईसी बीमा कंपनी के एजेंट सुनील वर्मा और खुमान ने उनके लापता पति की जमीन का फर्जी तरीके से बीमा कराकर धोखाधड़ी की है। इस धोखाधड़ी से 34,485 रुपए की राशि खुमान के बैंक खाते में जमा हुई।

#### चारागाह और ग्रामीणों की जमीन का बीमा

गांव के सीताराम वर्मा ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया है कि उप पंजीयक कार्यालय गंडई में दस्तावेज लेखक का काम करने वाले अनीष गौतम और उनकी पत्नी भूमिका ठाकुर ने इस धोखाधड़ी को अंजाम दिया है। अनीष गौतम ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए धोधा गांव की शासकीय चारागाह भूमि (खसरा क्र. 85, रकबा 4.46 हेक्टेयर) का फर्जी दस्तावेज तैयार कर गेहू का बीमा करा लिया, जबकि इस जमीन पर कभी फसल नहीं बोई जाती। इस ठगी से अनीष गौतम के खाते में 90,686 रुपए जमा हुए। यही नहीं, उन्होंने गांव के संतोष राजपूत और दीपक राजपूत की जमीन का भी उनकी जानकारी के बिना बीमा करा लिया। इसके अलावा, अनीष की पत्नी भूमिका ठाकुर ने भी, जिनके नाम पर गांव में कोई जमीन नहीं है, कुमार सिंह की जमीन का बीमा कराकर 31,752 रुपए और 6,341 रुपए की बीमा राशि प्राप्त की।

---

## घर में निकला अजगर, सुरक्षित जंगल में छोड़ा

**सड़क अतरिया।** ग्राम के भाटापारा निवासी एक ग्रामीण के घर रविवार की रात अजगर सांप निकलने की जानकारी मिली है। ग्रामीण की सतर्कता से सांप को सुरक्षित जंगल में छोड़ा गया।



आगे मिली जानकारी अनुसार भाटापारा निवासी सुरेन्द्र जंघेल ने रविवार की रात करीब 11 बजे अपने घर के सामने एक भारी भरकम सांप को देखा। जिसे देख कर उसने ग्रामीणों को आवाज लगाई। कुछ देर बाद ग्रामीण वहां एकत्र हो गए तथा सांप की पहचान अजगर के रूप में किया गया। ग्रामीणों ने विभाग से सहायता लेने का प्रयास किया पर संपर्क नहीं हुआ, तब उपस्थित ग्रामीण सजगता एवं तत्परता से सांप को सुरक्षित पकड़कर जंगल में छोड़ा।

### कबड्डी सिखाती है जीने की कला: गांधी

**डोंगरगढ़।** बागरेकसा में युवा समिति ने दो दिवसीय कबड्डी टूनामेंट का आयोजन किया। इस टूनामेंट में छतीसगढ़ के अलावा महाराष्ट्र, झारखंड, उत्तरप्रदेश के खिलाड़ियों ने भाग लिया। टूनामेंट में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि कबड्डी हमे अनुशासन में रहकर जीवन जीने की कला सिखाती है। कबड्डी हमें कठिनाई आने पर एकाग्रता से सँगठित होकर सामना करने की सीख देती है।

## अज्ञात बाइक की टक्कर से युवक अंगेश्वर की मौत

**गंडई पंडरिया।** गंडई के टिकरीपारा निवासी 26 वर्षीय अंगेश्वर दास बघेल की दोपहर सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। यह हादसा पुराने चीर बंगले के पास तब हुआ, जब एक अज्ञात बाइक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। मृतक के साथ बाइक पर सवार राजकुमार चतुर्वेदी ने बताया कि वह नहर नाली रोड से गंडई आ रहे थे। तभी सामने से तेज रफ्तार आ रही अज्ञात बाइक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि चारों लोग बाइक से गिर गए। इस टक्कर में अंगेश्वर को गंभीर चोटें आईं और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। वहीं टक्कर मारने वाली बाइक पर सवार दो लोग बाइक लेकर तुरंत मौके से फरार हो गए।

मृतक अंगेश्वर अपने पीछे दो छोटे बच्चों को छोड़ गए हैं। घटना के बाद अस्पताल में उनके माँ बाप और परिवार का रो-रोकर बुरा हाल था। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। फरार बाइक सवारों की तलाश की जा रही है।

---

### ग्राम पंचायत एवं पाठक मंच का संयुक्त आयोजन

# मुंशी प्रेमचंद जयंती पर सरगोंदी में कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लाक के सर्रागोंदी में पाठक मंच और ग्राम पंचायत के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षक दिवस, मुंशी प्रेमचंद व हरिशंकर परसाई जयंती का आयोजन किया गया। प्रमुख वक्ता डॉ वीरेंद्र मोहन शुक्ला ने प्रेमचंद से परसाई तक पर अपनी बात रखते हुए दोनों रचनाकारों के अवदान पर विस्तारपूर्वक बात रखी। गिरधर सिंह राजपूत ने प्रेमचंद की कहानी शतरंज के खिलाड़ी और रविंद्र पांडेय ने हरिशंकर परसाई के व्यंग्य टार्च बेचने वाला का वाचन किया। कवि व गीतकार डा जीवन यदु ने प्रेमचंद की कहानी का कथासार बताते हुए कहा की कथा का मूल जस हाल राजा तस हल प्रजा वाली कहावत है। परसाई के व्यंग्य का कथासार बताते हुए अनुराग तुरे ने कहा की कथा मूलतः अंधकार का डर दिखाकर उससे पैदा होने वाले व्यवसाय पर आधारित है। रचनाकार विनय शरण सिंह ने अपनी बात रखते हुए कहा की शतरंज के खिलाड़ी कहानी तत्कालीन राजनीतिक व सामाजिक व्यवस्था पर व्यंग्य है, वही लगभग 60 साल पहले लिखी गई व्यंग्य कथा टार्च बेचने वाला आज भी प्रासंगिक है।

#### समाज के प्रकाश स्तंभ हैं दोनों

संचालक डॉ प्रशांत झा ने कहा कि प्रेमचंद और परसाई अपने साहित्यिक अवदान के कारण भारतीय समाज के प्रकाश स्तंभ है। अध्यक्षीय उद्बोधन में संकल्प यदु ने कहा कि प्रेमचंद और परसाई हमारे धरोहर हैं और उनकी रचनाओं में जनमानस का इतिहास झलकता है। प्रारंभ में सरपंच प्रतिनिधि रामअवतार साहू ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में आदर्श शिक्षक के रूप में डॉ वीरेंद्र मोहन शुक्ला, डॉक्टर जीवन यदु, विनय शरण सिंह के साथ-साथ शिक्षक टीकाराम देशमुख, संकल्प यदु, गिरधर राजपूत, अनुराग तुरे और रवि यादव का सम्मान किया गया। इस दौरान सरपंच फुलेश्वरी साहू, उपसरपंच मेघू साहू, कैलाश यादव, मुकेश सेन, सियाराम साहू, खेमलाल साहू, दिलीप पटेल, चेतन पटेल, भुनेश्वर यादव, श्यामलाल साहू, हृदय राम, सेवती साहू, पुनीता, अमर बाई, चमेली देवी, हिरौंदी बाई, चंदा यादव, सरिता साहू सहित पाठक मंच के सदस्य तीरथ चंदेल, अनुज देवांगन, जीवेश राजपूत सहित ग्रामवासी मौजूद थे।

### ढीमर समाज की बैठक आयोजित



**राजनांदगांव।** ढीमर समाज की बीते दिनों बैठक आयोजित की गई। इस बैठक कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। आगामी 5 अक्टूबर को होने वाले राष्ट्रीय स्तर के मछुवारा जागरूकता सम्मेलन में जाने की योजना तैयार की गई। जिले में परगना के भवन निर्माण के लिए जमीन की मांग करने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात करने पर चर्चा हुई। इसके साथ ही सांकरदहरा में ढीमर समाज का भवन निर्माण के संबंध में सार्थक चर्चा की गई। उक्त जानकारी समाज के जिला अध्यक्ष मधुकर धरमगुड़े एवं सहसचिव राजू ढीमर ने दी।

## निधन



### एनआई कुरियाकोस

**राजनांदगांव।** शहर के रायपुर नाका निवासी एवं सिंचाई विभाग से सेवानिवृत्त इंजीनियर एनआई कुरियाकोस का सोमवार को 79 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह अपने पीछे तीन पुत्र संजय, राजीव एवं प्रीजी कुरियाकोस सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए। उन्होंने अपने बेटे राजीव कुरियाकोस के पूनम कालोनी स्थित निवास में अंतिम सांस ली। उनके दो बेटे संजय व प्रीजी कुरियाकोस यूएसए में रहते हैं, इसलिए उनके यहां आने के बाद बुधवार को मठपारा ईसाई कब्रिस्तान में अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## सार समाचार

### सिन्हा कलार समाज की बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** लाल बहादुर नगर मंडल परिक्षेत्र कुम्हड़ाटोला में सिन्हा कलार समाज की आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में



समाज के वरिष्ठ रामभरोसा सिन्हा को एलबी नगर तहसील मंडल कलार समाज का संरक्षक बनाया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष शिवशंकर डड़सेना, जिला महामंत्री गंगाराम सिन्हा, जिला कोषाध्यक्ष पूनम सिन्हा, महिला मंच जिलाध्यक्ष निर्मला जितेंद सिन्हा, एलबी नगर मंडल मंडलेश्वर उत्तम सिन्हा, सचिव रेवाराम सिन्हा, कोषाध्यक्ष राकेश सिन्हा, महिला मंच अध्यक्ष पुष्पा सिन्हा, डोंगरगांव मंडलेश्वर भागवत सिन्हा, राजनांदगाव शहर मंडल नाथूराम सिन्हा, राजनांदगाव ग्रामीण मंडल प्यारेलाल सिन्हा, डोंगरगढ़ मंडल सचिव हेमराज सिन्हा, कोषाध्यक्ष मनोहर डड़सेना एवं पदाधिकारीगण व समस्त स्वजातीय बंधुओं ने रामभरोसा सिन्हा को लाल बहादुर नगर मंडल कलार समाज के संरक्षक पद मनोनीत होने पर बधाई दी।

### बालाजी मंदिर में शेड निर्माण का भूमिपूजन

**राजनांदगांव।** स्टेशनपारा वार्ड नंबर 11 स्थित बालाजी मंदिर परिसर में शेड निर्माण कार्य की शुरूआत विधिवत भूमिपूजन के साथ की गई।



भूमिपूजन के तत्काल बाद निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया गया। इस मौके पर पूर्व महापौर हेमा देशमुख, पूर्व युवा आयोग अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे और शहर उत्तर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आसिफ अली मौजूद रहे। पार्षद छोटेलाल रामटेके और मंदिर समिति के संयुक्त प्रयास से यह कार्य प्रारंभ हुआ। भूमिपूजन कार्यक्रम में जय मुदलियार, श्रीकांत मुदलियार, श्रीनिवास राव, योगेश मुदलियार, विशाल गढ़े, मिलिंद रेड्डी, शरद यादव, घनश्याम विश्वकर्मा, देवेन्द्र साहू, इंद्राणी यादव, देवकी यादव, रूबी साहू, लता यादव, चंद्र साहू, गायत्री साहू, किरण साहू, जितेन्द्र साहू, बाबा यादव समेत वार्ड के अनेक नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्यजनों ने निर्माण कार्य के शीघ्र पूर्ण होने की कामना की और सहयोग का आश्वासन भी दिया।

### डोगेंद्र का एमबीबीएस में चयन

**राजनांदगांव।** ग्राम डोम्हाटोला निवासी डोगेंद्र साहू ने एमबीबीएस में चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। श्री चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल



कॉलेज में एमबीबीएस पाठ्यक्रम में प्रवेश पाने वाले डोगेंद्र ने 487 अंक प्राप्त किए हैं। उनकी इस उपलब्धि से न केवल उनका परिवार, बल्कि समूचा क्षेत्र गौरवांवित हुआ है। डोगेंद्र साहू ग्राम डोम्हाटोला के कृषक रेखालाल साहू एवं द्रौपती साहू के पुत्र हैं। प्रारंभ से ही पढ़ाई में रूचि रखने वाले डोगेंद्र ने कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प से यह मुकाम हासिल किया है। उनकी इस सफलता पर पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल उनके निवास पहुंचे और डोगेंद्र को शुभकामनाएं दी। बघेल ने कहा कि एक किसान परिवार से आने वाला छात्र द्वारा मेडिकल क्षेत्र में प्रवेश प्राप्त करना संपूर्ण क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक है।

### मुस्लिम समाज के जुलूस का भव्य स्वागत

**राजनांदगांव।** संस्कारधानी के नवयुवक गणेश मंडल गुड़ाखू लाइन राजनांदगांव के 93 वर्ष में गणेश पंडाल पर विभिन्न आयोजन किया गया।



गणेश चतुर्थी को रात्रि सुंदरकांड का पाठ (गणेश मिश्रा द्वारा) का आयोजन किया गया। साथ ही मुस्लिम समाज द्वारा मोहम्मद पैगम्बर साहब के जन्मदिन पर निकाले गए जुलूस में शामिल मुस्लिम भाईयों का पुष्पा वर्षा कर शुभकामनाएं दी। सभी आयोजनों में नवयुवक गणेश मंडल के कार्यकारिणी सदस्यों प्रकाश बैद, विपला चौहान, किशोर विश्वकर्मा, संतू विश्वकर्मा, संजय वाडेकर, राजू माथुरिया, गोपाल चौरसिया, शिशिर महाराज, बंटी गुप्ता, महेश उत्तलवार, हर्ष वर्मा, प्रवेश चौहान, पप्पू माथुरिया, योगेश पांडेय, रिंक्कू कसार, संजू कसार, गोली कसार, सौरभ विश्वकर्मा, मोनू विश्वकर्मा, शिवा देवांगन, अंकित विश्वकर्मा, नरेन्द जय बजाज उपस्थित थे। उक्त जानकारी नवयुवक मंडल के सदस्य रितेश यादव ने दी।

### सेवा पखवाड़ा, आज कार्यशाला

**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़े के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रमों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया है। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन शामिल होंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने बताया कि सेवा पखवाड़े के तहत स्वास्थ्य, स्वच्छता और जनहित में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन होना है। मंडल स्तर पर कार्यक्रमों की श्रृंखला और स्थान तथा दिनांक तय करने हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला भाजपा कार्यालय में 9 सितंबर को सुबह 11 बजे आहूत किया गया है।

### 4 पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

**राजनांदगांव।** डोंगरगढ़ क्षेत्र में श्रीगणेश विसर्जन झांकी के दौरान शांति भंग करने वाले 4 के विरूद्ध पुलिस ने प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। गणेश विर्सजन के दौरान आम जनता के साथ वाद-विवाद एवं लड़ाई-झगड़ा करने वाले 4 के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर जेल भेजा गया।

# पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई, माहभर में 279 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लगातार त्योहारों के चलते पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई अभियान जारी है। माहभर में असामाजिक तत्व, अवैध रूप से शराब बिक्री सहित अन्य आपराधिक गतिविधियों में कार्रवाई की गई। जिसके चलते श्रीगणेश विसर्जन के दौरान शांति व्यवस्था बनी रही।

शहर में गणेश विसर्जन झांकी के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने मोहित गर्ग पुलिस अधीक्षक द्वारा गणेश समितियों के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं व्यवसायियों सहित शांति समिति का मीटिंग लेकर गणेश पर्व के दौरान सहयोग करने एवं डीजे साउंड सिस्टम संचालकों को सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट द्वारा जारी गाईड लाइन का पालन करने अपील की गई थी।

## श्रीगणेश विसर्जन पर रही शांति व्यवस्था

### विसर्जन के दौरान 36 पकडे गए

गणेश विसर्जन झांकी के दौरान सायबर सेल की 5 टीम सिविल कपड़ों में शहर में घूम-घूम कर आसामाजिक तत्वों पर नजर रख रही थी, जो विसर्जन झांकी के दौरान भीड़ में धारदार चाकू, नशीले पदार्थ रखने वाले या पाकेटमारी, चेन स्कैचिंग करने के लिए घूमने वाले अपराधियों की पहचान कर उनकी लगातार चेकिंग कर रही थी। 6 सितंबर के दरमयानी रात्रि को ही सायबर सेल की सिविल टीम एवं थाना के सहयोग से 39 बदमशों को पकड़ा। जिसमें से 3 आरोपियों के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई एवं 36 आरोपियों के विरूद्ध विरूद्ध 151 जाफौ (170/126,135(3)) प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई कर उन्हें जेल भेजा गया।

### बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश पर गणेश पर्व व विसर्जन झांकी को देखते हुए विगत एक माह से असामाजिक तत्वों, गुण्डा बदमाशों एवं नशेडियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की गई। आपराधिक प्रवृत्ति के बदमाशों के खिलाफ 25 आर्म्स एक्ट तथा 151 जाफौ (170/126,135(3)) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर उन्हें जेल भेजा गया।

### अलग-अलग मामलों में कार्रवाई

शहर की वर्षों पुरानी परम्परा गणेश विर्सजन झांकी को शांतिपूर्ण ढंग से संचालित करने के लिए जिले में विगत 1 माह में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत 26 प्रकरण में 27 आरोपियों के कब्जे से धारदार चाकू बरामद कर उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। एनडीपीएस एक्ट के तहत 1 प्रकरण में 2 आरोपियों के कब्जे से 0.56 ग्राम गांजा कीमती 6300 रुपए जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। अवैध शराब मामले में आबकारी एक्ट के तहत कुल 177 प्रकरण में 182 आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई की गई। जिसमें 34(2) आबकारी एक्ट के तहत 15 प्रकरण में 18 आरोपियों के कब्जे से 1131 पौवा देशी शराब कीमती 81080 रुपए व बिक्री रकम 2640 रुपए, 127 पौवा अंग्रेजी शराब कीमती 12820 रुपए व बिक्री रकम 710 रुपए, 35 लीटर महुआ शराब कीमती 7000 रुपए बिक्री रकम 7040 रुपए बरामद किया गया तथा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत 30 प्रकरण में 30 आरोपियों के कब्जे से 546 पौवा देशी शराब कीमती 47870 रुपए व बिक्री रकम 6590 रुपए एवं 66 पौवा अंग्रेजी शराब कीमती 7440 रुपए व बिक्री रकम 1480 रुपए, 28 लीटर महुआ शराब कीमती 850 रुपए बरामद कर जब्त किया गया एवं आरोपियों को जेल भेजा गया। इसके अतिरिक्त 36(च) आबकारी एक्ट के तहत 68 प्रकरण में 69 आरोपी एवं 36(सी) के तहत 66 प्रकरण में 67 आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई की गई। इसके अलावा अपराध में अंकुश लगाने हेतु गुंडा-बदमाश, निगरानी बदमाश, आदतन अपराधियों और असामाजिक तत्वों की लगातार चेकिंग करते 224 प्रकरणों में 279 आरोपियों के विरूद्ध 151 जाफौ (170/126,135(3)) प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई।

## मांग पूरी नहीं होने तक जारी रहेगा आंदोलन

# मितानिनों ने घेरा सीएमएचओ कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अपनी तीन सूत्रीय मांगों को पूरा करने बीते 7 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रही मितानिनों ने आज बड़ी संख्या में सीएमएचओ कार्यालय का घेराव करते प्रदेश सरकार के खिलाफ हल्ला बोला।

मितानिनों ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने घोषणा पत्र में मोदी की गारंटी के तहत मितानिन, मितानिन प्रशिक्षण और ब्लॉक समन्वयकों को 50 प्रतिशत वृद्धि के हिसाब से किया जाना था, लेकिन अपनी घोषणा के अनुसार उन्होंने यह मांगे पूरी नहीं की।

इसके अलावा मोदी की गारंटी के तहत मितानिन कर्मचारियों को एनएचएम में संविलियन किया जाए।



### मिशन आयुक्त के नाम ज्ञापन

जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के माध्यम से मिशन आयुक्त, उप संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के नाम दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, ब्लॉक समन्वयक, हैल्पडेस्क फैसिलिटेटर शासन से अपनी मांगों को लेकर हड़ताल में हैं। वहीं मिशन द्वारा लेटर जारी कर अनाधिकृत पद स्वस्थ्य पंचायत समन्वयक से मितानिन प्रशिक्षकों के क्षतिपूर्ति भुगतान का सत्यापन करने आदेश जारी किया गया है, जो न्याय संगत नहीं है।

### कार्य हो रहा प्रभावित

मितानिन संघ की जिला अध्यक्ष प्रमिला ने कहा कि सरकार ने हमसे संविलियन का वादा किया है, जो उसे पूरा करना चाहिए। वहीं उन्होंने कहा कि मितानिन एनजीओ के माध्यम से कार्य नहीं करेंगे। उन्होंने बताया कि जिलेभर में लगभग 2500 मितानिन कार्यकर्ता है। जिनके हड़ताल पर जाने से गर्भवती माता का टीकाकरण, डिलीवरी, बुजुर्गों की देखभाल, टीकाकरण, माता एवं शिशु मृत्यु दर के मामले, टीवी के मरीज, कुष्ठ रोग का कार्य प्रभावित हो रहा है।

### प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी

अपनी मांगों को लेकर सीएमएचओ कार्यालय परिसर में मितानिनों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री से मोदी की गारंटी पत्र में किए गए वादे को पूरा करने मांग की।

## पृष्ठ 11 का शेष

### नवागांव में सुबह..

और मां-बहन की अश्लील गाली गुप्तार करते मेरा नाम लेकर घर से निकलो, आज तुम्हारा मर्डर कर देंगे, बोलकर लगातार जान से मारने की धमकी देने लगे, तब घर वाले एवं आसपास के लोगों बीच-बचाव करने लगे। वाद-विवाद, लड़ाई-झगड़ा सुनकर पड़ोसी राकेश ढीमर बीच-बचाव करने आया तो अभय मिश्रा एवं एक अन्य लड़का ने अपने हाथ में रखे धारदार चाकू से राकेश ढीमर के पेट के दाहिने तरफ और सीने के बांये तरफ वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसके पिता किशन सिंह राजपूत भी बीच-बचाव करने लगा तो पृथ्वी भट्ट ने धारदार हथियार से सीने के दाहिने ओर प्राणघातक हमला किया एवं अशीष ठाकुर के सिर में वार कर चोंट पहुंचाया। तीनों को ईलाज हेतु मेडिकल कॉलेज पेंड्री राजनांदगांव ले गए, जहां पर ईलाज के दौरान राकेश ढीमर की मौत हो गई। रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 333, 189 (4), 191 (2), 191 (3), 103 (1), 109 (1) बीएनएस, 25 27 आर्म्स एक्ट कायम कर विवेचना में लिया ।

# तुलसीपुर बौद्ध विहार में बनेगा सामाजिक भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वार्ड नं. 16 तुलसीपुर बौद्ध विहार में सामाजिक भवन निर्माण के लिए महापौर मधुसूदन यादव ने नगर निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह तथा सामाजिक बंधुओं व पार्षदों की उपस्थिति में शुक्रवार को भूमिपूजन किया।

उन्होंने कहा कि बौद्ध समाज की मांग पर अधोसंरचना मद अंतर्गत 10 लाख रुपए की लागत से सामाजिक भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर के बताए मार्गों पर चलकर बौद्ध समाज भी बहुत आगे बढ़ गया है। समाज के



पदाधिकारी एवं वरिष्ठ लोग समाज के निम्न वर्ग के व्यक्ति की चिंता कर उन्हें आगे बढ़ाने का कार्य करें, तभी समाज की सार्थकता है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधायक डॉ. रमन सिंह एवं सांसद संतोष पांडे ने विभिन्न समाज के भवन निर्माण के लिए सममय-समय पर राशि स्वीकृत किए हैं, उनकी सोच कि शहर में मूलभूत सुवधिा के अलावा समाज की आवश्यकतओं की पूर्ति करना है।

अध्यक्ष पारस वर्मा ने कहा कि भवन का निर्माण बहुत जल्द किया जाएग। जिससे समाज को इसका लाभ मिल सके। कार्यक्रम में भूमिपूजन के पूर्व समाज के बसंत मेश्राम, भजन मेश्राम, अशोक मेश्राम, सुनील मेश्राम, हेमेन्द्र आम्बादे, नरेश घोडेसवार, दीप रामटेके, हर्ष भावे, लक्ष्मण भीमटे, राहुल श्यामकर, पायल मेश्राम, तुलसाबाई रामटेके, लीलाबाई रामटेके, रेखा बोरकर, अंजु रामटेके, जयश्री खोब्रागढे, लक्ष्मी गोंडाने, प्रियंका श्यामकर, भारती मेश्राम, मीना रामटेके ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर उप अभियंता तिलक राज ध्रुव सहित सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

# हटाए गए दुकानदारों के व्यवस्थापन की मांग, बैंडमिंटन कोर्ट निर्माण रोकने ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के फ्लाई ओवर के नीचे वर्षों से ठेले खोमचे लगाकर व्यवसाय करने वालों को नगर निगम द्वारा अतिक्रमण के नाम पर हटा दिया गया। जिसके बाद उनके सामने रोजी-रोटी की समस्या है। कांग्रेस कमेटी द्वारा इन फुटकर व्यवसायियों के व्यवस्थापन की मांग को लेकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में नगर निगम आयुक्त को यहां के प्रभावितों ने ज्ञापन सौंपा है। कांग्रेस ने निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा को ज्ञापन सौंपकर तत्काल फुटकर व्यवसायियों को पुनस्थापित करने की मांग की।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग फ्लाई ओवर के नीचे वर्षों से फुटकर व्यवसायियों चाय-ठेले, चॉट-ठेले, गाड़ियों की रिपेरिंग कर अपने परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे। सत्ताधारी नेताओं द्वारा प्रशासन पर दबाव बनाते अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर इन फुटकर व्यवसायियों पर बुलडोजर चलवाकर इनकी दुकानदारी छीन ली गई। जबकि दुकानदार नियम के तहत नगर निगम में किराये का शुल्क पटा रहे थे। उन्हें रसीद भी दिया जा रहा था तो यह अतिक्रमण कहां से हुआ। उन्होंने कहा कि ये छोटे व्यवसायी लगभग डेढ़-दो माह से बेरोजगार हो गए हैं। जिसके कारण उन व्यवसायियों को अपने परिवार का पालन-पोषण करने में दिक्कतें आ रही है।

### दुकान लगाने की मांग

नगर निगम कार्यालय पहुंचे प्रभावित दुकानदारों ने कहा कि वह कई वर्षों से इस जगह पर दुकानदारी कर रहे थे और नगर निगम को किराया भी पटा रहे थे। दुकानदारों ने मांग की है कि उन्हें उसी जगह पर दुकान लगाने की अनुमति दी जाए। यदि अन्य जगहों पर व्यवस्थापन दिया जाता है तो उनका व्यापार प्रभावित होगा, क्योंकि उनके ग्राहक जमे हुए हैं। उन्होंने कहा कि लगभग डेढ़ महीने से उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है।

### नियम विरुद्ध निर्माण

अपने ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस ने कहा कि एक तरफ नेशनल हाईवे पर अतिक्रमण बात कर दुकानदारों को हटाया गया है। वहीं दूसरी तरफ राष्ट्रीय राजमार्ग के नीचे नियम विरूद्ध निर्माण कर बैडमिंटन कोर्ट बनाया जा रहा है। जिसमें राष्ट्रीय राजमार्ग से अनुमति नहीं ली गई और बिना भूमि अधिग्रहित किए निर्माण कार्य शुरू किया गया है, जो नियम विरूद्ध और आर्थिक अनियमितता है।

# प्रतिनिधि मंडल ने विस अध्यक्ष से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आज पदोन्नति में आरक्षण एवं अन्य 10 संवैधानिक मुद्दों पर राज्य सरकार द्वारा त्वरित अनुसूचित जाति, जनजाति समाज के हित में निर्णय लेने सामाजिक एवं अधिकारी-कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन को पदोन्नति में आरक्षण मामले में अनुच्छेद 16(4) ए सहपठित अनुच्छेद 335 एवं सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम राहत के परिपालन में निर्णय लेने उनके कार्यालय रायपुर में मिलकर बात रखी है।

प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के हितों से संबंधित प्रावधानों का क्रियान्वयन करने में राज्य सरकार द्वारा लेटलतीफी की जा रही है। विगत डेढ़ वर्ष से हम शासन एवं प्रशासन से बातचीत कर रहे हैं। 11



जून को इस संबंध में 40 से 50 हजार अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के सामाजिक एवं कर्मचारी संगठन शामिल हुए। यदि राज्य की सरकार संविधान का सम्मान करती है तो अनुच्छेद 16(4)ए एवं 335 का अविलंब परिपालन करें। राज्य की भाजपा सरकार आरक्षण को रोककर रखी है। यदि राज्य सरकार संविधान को मानती है और अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के संवैधानिक अधिकार के प्रति संवेदनशील है तो अविलंब बीजेपी सरकार पदोन्नति में आरक्षण बहाल करवाए। राजनांदगांव सहित राज्यभर के अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के लोगों में छत्तीसगढ़ सरकार के कार्यशैली से नाराज चल रहे हैं। नाराजगी के चलते कभी भी समाज, कर्मचारी संगठन मिलकर उग्र आंदोलन कर सकते हैं। लगातार सरकार से समाज, कर्मचारियों द्वारा छत्तीसगढ़ के तमाम मंत्री, अधिकारी के समक्ष अपनी बातों को रखती आ रही है। इसी बातों को लेकर विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष रखी गई। प्रतिनिधित मंडल का नेतृत्व डॉ. रेखा मेश्राम बौद्ध समाज राजनादगांव ने किया। प्रतिनिधि मंडल में विनोद कुमार कोशले, लेखराम मात्रा, देवलाल भारती, अश्वनी बंजारा, प्रह्लाद ठाकुर, ईश्वर चंद्रवशी शामिल थे।




# सनग्रुप ने पुलिस विभाग को सौंपा ब्रीथ एनालाइजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग की प्रेरणा से सड़क सुरक्षा और जनहित को ध्यान में रखते सनग्रुप ने पुलिस विभाग राजनांदगांव को अत्याधुनिक ब्रीथ एनालाइजर (श्वांस विश्लेशक उपकरण) प्रदान किए। इन उपकरणों के वितरण का उद्देश शराब पीकर वाहन चलाने की घटनाओं को कम करना और यातायात नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन में सहायता करना है।

सनग्रुप द्वारा प्रदान किए गए यह ब्रीथ एनालाइजर नवीनतम तकनीक से लैस है, जो त्वरित और विश्वसनीय परिणाम देने में सक्षम है। ये उपकरण विशेष रूप से सड़क पर तैनात पुलिस बलों के लिए बेहद उपयोगी सिद्ध होंगे। सनग्रुप के चेयरमेन सुनील अग्रवाल ने कहा कि हम समाज की सुरक्षा में अपना योगदान देने प्रतिबद्ध हैं। पुलिस विभाग को ये उपकरण प्रदान कर हम उनकी जिम्मेदारियों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाना चाहते हैं। सनग्रुप



द्वारा किया गया यह सहयोग एक सकारात्मक पहल है। सनग्रुप के चेयरमेन सुनील अग्रवाल एवं डायरेक्टर अमित जैन द्वारा यह ब्रीथ एनालाइजर डॉ. रमन सिंह की उपस्थिति में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग को प्रदान किया गया। इस अवसर पर एएसपी राहुल शर्मा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# एनबीआईएस में मना शिक्षक दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन के जन्मदिन शिक्षक दिवस पर बच्चों द्वारा शिक्षकों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती व राधाकृष्णन के तैलचित्र पर दीप प्रज्जवलन कर माल्यार्पण किया गया।

शाला के बच्चों द्वारा शिक्षकों को रेट्रो मेट्रो थीम दिया गया था। जिसमें शिक्षक पुराने अभिनेता व अभिनेत्री के रूप धरकर कार्यक्रम में शामिल हुए। बच्चों द्वारा नाटक, गीत व संगीत की खूबसूरत प्रस्तुति दी गई। शिक्षकों के मनोरंजन के लिए विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया था। जिसमें पुरस्कार



वितरण भी किया गया। शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी ने शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शाला की डायरेक्टर सोनल बाजपेयी, कुंतल बाजपेयी, प्राचार्य एकता गांधी, एडमिन नितिन चौहान, शिक्षक, कार्यालय कर्मचारी व बच्चे उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### महाविद्यालय में रजत जयंती पर विविध कार्यक्रम आयोजित

**हरिभूमि कुण्डा।** नवीन शासकीय महाविद्यालय कुण्डा में छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अवसर पर क्विज एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य रूप से महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ऋचा मिश्रा के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष परषोत्तम निर्मलकर मुख्य अतिथि के रूप में एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में महाविद्यालय के जनभागीदारी सदस्य रोहित रजक उपस्थित थें। भाषण एवं क्विज प्रतियोगिता में महाविद्यालय के प्रतिभावान छात्र छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक उपस्थित थें, कार्यक्रम का सफल संचालन केशव प्रसाद जायसवाल ने किया।

# सॉफ्टबॉल प्रीमियर लीग प्रतियोगिता में विजयी रही रेड विंग्स टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी द्वारा जिले में पहली बार सॉफ्टबॉल प्रीमियर लीग प्रतियोगिता 2025 का भव्य आयोजन 05 से 07 सितंबर तक छीरपानी कॉलोनी मैदान में आयोजित किया गया, जिसमे रायपुर, दुर्ग, सरगुजा, सारंगढ़, बेमेतरा, मुंगेली, राजनांदगांव, रायगढ़, बिलासपुर और कवर्धा के सीनियर व जूनियर खिलाड़ियों के बीच यह प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में कुल चार टीम स्पार्टन, रेड विंग्स, पायरेट्स और बस्तर टाइगर के बीच कुल 10 मैच हुए जिसमें रेड विंग्स की टीम ने इस प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया, वही द्वितीय स्थान स्पार्टन व तृतीय स्थान बस्तर टाइगर की टीम रही।

जिस पर अकेडमी के सचिव राजा जोशी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कुल 6 लींग मैच हुए जिसके प्वाइंट टेबल के हिसाब से स्पार्टन की टीम टॉप पर रही, वही सेकेंड टॉप पर रेड विंग्स की टीम रही जिसके चलते दोनों टीम ने क्वालीफायर प्रथम में प्रवेश किया। जहां दोनों टीम के बीच बहुत ही शानदार मुकाबला चला दोनों टीम के पिचर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन दे रहे थे, जिसके चलते दो इनिंग तक स्कोर शून्य रहा उसके पश्चात तीसरे इनिंग में रेड विंग्स के बैटर गौरव डहरिया ने एक शानदार होम रन मारकर अपने टीम को सीधा ग्रैंड फाइनल में प्रवेश कराया और स्पार्टन की टीम को ग्रैंड फाइनल में पहुंचने के लिए एक और मौका क्वालीफायर द्वितीय में दिया गया। इस मैच में मैन ऑफ दी मैच का खिताब गौरव को दिया गया, वही एलिमिनेटर राउंड का मुकाबला बस्तर टाइगर विरुद्ध पायरेट्स के बीच खेला गया, जिसमें बस्तर टाइगर की टीम ने शानदार अपना वापसी करते हुए पायरेट्स की टीम को हराकर क्वालीफायर द्वितीय में प्रवेश किया इस मैच में बस्तर टाइगर के मोहित ठाकुर को मैंन ऑफ दी मैच का खिताब दिया गया।

क्वालीफायर द्वितीय का मैच स्पार्टन विरुद्ध बस्तर टाइगर के बीच हुआ, जिसमे दोनों टीम के बैट्समैन ने शानदार हीटिंग करते हुए तीन इनिंग तक 03-03 रन बनाकर मैच को ट्राईब्रेकर तक ले गए इसमें एक इनिंग और बढ़ाया गया, जिसके सेकेंड बेस को लोड करके खेला जाता है इस इनिंग में स्पार्टन की टीम ने वापसी करते हुए हीटिंग का बेहतर प्रदर्शन दिखाया और बस्तर टाइगर की टीम को 04-03 के स्कोर से हराकर सीधे फाइनल में प्रवेश किए और इसी के साथ बस्तर टाइगर की टीम को कांस्य पदक से ही संतुष्ट होना पड़ा। वही ग्रैंड फाइनल मैच में एक बार फिर से रेड विंग्स विरुद्ध स्पार्टन के बीच खेला गया, जिसमें रेड विंग्स की टीम ने पहले ही इनिंग में 5 रन बनाकर मैच को अपने तरफ कर लिए थे उसके जवाब में स्पार्टन की टीम शून्य पर आउट हो गई, दूसरे इनिंग में दोनों टीम का स्कोर शून्य रहा इसके बाद मैच के अंतिम इनिंग में स्पार्टन की ने फिर से वापसी करते हुए 4 रन बनाया पर अंतिम रन के समय रेड विंग्स के पिचर किशन महानंद ने अपने शानदार पिचिंग से बैटर को स्ट्राइक आउट करके इस टूर्नामेंट के चैंपियन बने फाइनल मुकाबले में रेड विंग्स से आर्यन ताम्रकार, मुकेश ठाकुर, गौरव डहरिया, सुनीलराज ने शानदार हीटिंग और फील्डिंग किया।

**सभी विजेता प्रतिभागियों को टॉफी एवं मेडल देकर किया सम्मानित**



इस प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि श्रीमती रश्मि विजय शर्मा, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी अध्यक्ष नगरपालिका, सतविंदर पाहुजा अध्यक्ष भाजपा शहर मंडल, गजराज सिंह ठाकुर सांसद प्रतिनिधि, एकेडमी अध्यक्ष गणेश तिवारी, अजय ठाकुर सभापति नगरपालिका, दीपक सिंह पार्षद, बिहारी लाल धुर्वे, संजीव कुर्रे, पवन देवांगन चेयरमैन अशोका पब्लिक स्कूल, लोकनाथ देवांगन, उमंग पांडेय, ज्ञानचंद साहू, हुकमत साहू उपस्थित थें। इस प्रतियोगिता में सभी विजेता खिलाड़ियों को टॉफी एवं मेडल प्रदान किया गया साथ ही अतिथियों द्वारा मोस्ट वैल्यूबल प्लेयर का खिताब भूपेंद्र गढ़े को दिया गया तो बेस्ट पिचर किशन महानंद, बेस्ट हिटर आर्यन ताम्रकार, बेस्ट फिल्डर तेजस तांडी को दिया गया। मुख्यातिथि रश्मि विजय शर्मा के इस प्रतियोगिता में सभी खिलाड़ियों को बधाई दिए साथ ही भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई आवश्यकता होती है तो उसे पूरा करने का पूर्ण आश्वाशन दिए साथ ही नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा ग्राउंड में लाईट एवं चेंजिंग रूम जल्द से जल्द बनवाने की घोषणा की।

## समस्या : देख-रेख व भोजन बनाने के साथ पानी की व्यवस्था करने में भारी परेशानी

# 20 वर्षों से ग्रापं सेमरकोना के सचिवालय भवन में संचालित हो रहा आंगनबाड़ी केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमरकोना में आंगनबाड़ी एवं ग्राम पंचायत सेमरकोना 20 वर्षो से संचालित हो रही है, लेकिन अब तक आंगनबाड़ी केंद्र के लिए खुद का भवन नहीं बन पाया है। गांव के किसी घर के बरामदे में सरकारी भवन में आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हो रहे हैं। यहां बताना लाजिमी होगा कि आज 20 वर्षो से ग्राम पंचायत सेमरकोना सचिवालय कार्यालय भवन में आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 01 संचालित हो रहा जिससे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका एवं नम्हे मुन्हे बच्चों को पढ़ाई लिखाई में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि आंगनबाड़ी भवन नहीं होने के कारण कई बार तो ग्राम पंचायत की काम काज में भी अड़चन आ रही है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार आंगनबाड़ी भवन नहीं होने से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के साथ ही साथ नन्हे मुन्हे बच्चों की देख-रेख व भोजन बनाने के लिए पानी की व्यवस्था करने में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्राम पंचायत सेमरकोना में आंगनबाड़ी केंद्र भवन की स्वीकृति नही मिलने के कारण आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 01 ग्राम पंचायत सेमरकोना सचिवालय कार्यालय में संचालित की जा रही है। जिस पर ग्रामीणो व पालकगणों ने शासन-प्रशासन से मांग करते हैं कि जल्द से जल्द आंगनबाड़ी भवन केंद्र क्रमांक 01 भवन की घोषणा किया जाए ताकि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व नन्हे मुन्हे बच्चों को पढ़ाई लिखाई करने में खुद की आंगनबाड़ी भवन मिल सकें।

**नन्हे-मुन्हे के बच्चों की पढ़ाई-लिखाई व कार्यालयीन काम-काज प्रभावित**




बताया जाता है कि ग्राम पंचायत सेमरकोना सचिवालय कार्यालय भवन में व आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 01 संचालित होने से नन्हे मुन्हे बच्चों की पढ़ाई लिखाई व ग्राम पंचायत कार्यालय काम-काज प्रभावित हो रही है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत सेमरकोना अकेला पंचायत होने के बाद भी विकास के नाम पर पिछड़ा हुआ है, इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि आज 20 वर्षो के बाद भी ग्रामवासियों को बुनियादी सुविधा लाभ सें वंचित नजर आ रहे है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन प्रशासन व जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने तथा समस्या को तत्काल संज्ञान में लेते हुए आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य किया जाए ताकि नन्हे मुन्हे बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्र 01 भवन का लाभ मिल सके।

# श्रीसीताराम रामधूनी संकीर्तन में प्रथम स्थान हरिकीर्तन मंडली कोमो



- विश्व हिन्दू परिषद छत्तीसगढ़ प्रान्त प्रमुख चंद्रशेखर वर्मा, किसान कल्याण बोर्ड अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

प्राण-खैरा में आयोजित रामधूनी कार्यक्रम में विश्व हिन्दू परिषद के छत्तीसगढ़ एवं अभाजित मध्यप्रदेश के प्रमुख चंद्रशेखर वर्मा एवं किसान कल्याण बोर्ड अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी शामिल हुए। जिसमें जिले के अलग-अलग क्षेत्र से आए रामधूनी मंडली का स्वागत किए। प्राण-खैरा आयोजन समिति ने बताया की लगभग बारह टोलियों ने झांकी एवं राम नाम का कीर्तन किया, टोलियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को अब तक का सबसे सफल आयोजन बना दिया।

जिसमें सुतियापाठ से आए हुए टोली ने देश के लिए अपनी प्राण न्यौछावर कर देने वाले वीर जवानों शहीदों को झांकी के माध्यम से देश-प्रेम की शानदार प्रस्तुति दी गई साथ ही साथ आसपास क्षेत्र से आए रामधूनी मंडली द्वारा मनमोहक राम धुन ने मन को प्रसन्न कर दिया। जिस पर विश्व हिन्दू परिषद प्रमुख चंद्रशेखर वर्मा ने कहा की पांच सौ वर्ष से अधिक त्याग बलिदान और तपस्या से आज राममंदिर का निर्माण संभव हो पाया हमारे कई पीढ़ी इस सुखद पल को देखने के लालसा में जीवन त्याग दिए, लेकिन ओ सौभाग्य हमारे हिस्से आया है। उन्होने कहा की हम सबको एक होकर रहने की आवश्यकता है ताकि हम पर कोई नजर न उठा सके। वहीं श्री वर्मा ने प्लास्टिक के उपयोग को बंद करने एवं पेड़ लगाने पर जोर दिया। कृषि कल्याण बोर्ड अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी ने कहा की किसान देश के प्रगति में अहम हिस्सेदार है, किसान जितना खुशी रहेगा देश उतना ही आगे जाएगा छत्तीसगढ़ सरकार किसान हित में प्रतिबद्ध है, जिला पंचायत सदस्य महेन्द्र घृतलहरे ने कहा की राम नाम में वो शक्ति है जो बड़े-बड़े बिगड़े काम को बना देती है रामधूनी जैसे आयोजन हमेशा होते रहना चाहिए ऐसे आयोजन हमें एक धागे में पिरो के रखती है। वही पूर्व सांसद प्रतिनिधि विकास पांडेय ने अपने उद्बोधन में कहा की ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए ताकि हमारी संस्कृति आने पाले पीढ़ी भली-भांति समझ सके, भारत देश संस्कार से भरा देश है हम पूरे विश्व को अपना परिवार मानने वाले देश से है और यह भाव हमारी संस्कृति हमें देती है।

कार्यक्रम का संचालन पंडरिया जनपद पंचायत के सभापति अश्वनी यदु ने किया एवं प्राण-खैरा के सरपंच कुलेश्वर चंद्राकर ने सभी का आभार प्रकट किया। जिसमें प्राण-खैरा में आयोजित रामधुनी में प्रथम हरिकीर्तन मंडली कोमो, द्वितीय स्थान हरिकीर्तन मंडली जरती एवं तृतीय स्थान हरीकीर्तन मंडली इंदौरी को बधाई प्रेषित की। कार्यक्रम समापन में मुख्य रूप से लीलम चंद्राकर, नूतन चंद्राकर, जल्लू चंद्राकर, चेतन चंद्राकर, हरेंद्र कश्यप, भागवत कश्यप, टेकसिंह खांडे, राधे कश्यप, मनीराम निर्मलकर, दिलहरण यादव, रोहित निर्मलकर, हरिचंद ध्रुर्वे एवं ग्राम पंचायत के समस्त पंचगण, गणमान्य नागरिक उपस्थित थें

# राजपूत क्षत्रिय महासभा ने शिक्षकों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

नगर के महाराणा प्रताप भवन में रविवार को राजपूत क्षत्रिय महासभा उपसमिति पंडरिया द्वारा उपसमिति के सभी स्वजातीय शिक्षकों का सम्मान किया गया। जिसमें सभी शिक्षकों को स्मृति चिन्ह, श्रीफल व कलम देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में कल्याण सिंह, अशोक सिंह, सुरेंद्र सिंह व मनोज सिंह के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित नगर पंचायत उपाध्यक्ष मनोज सिंह ठाकुर ने कहा कि समाज द्वारा शिक्षकों का सम्मान अत्यंत ही सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और शिक्षक मनुष्य के लिए बहुत जरूरी है, शिक्षा व शिक्षक के बिना मनुष्य अधूरा है। मां, बाप के बाद गुरु ही हमे सही राह दिखाते हैं। गुरु का स्थान भगवान से भी महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में कुल 6 सेवानिवृत्त शिक्षक व 34 कार्यरत शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित कुल 40 शिक्षकों का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में घनश्याम सिंह, चंद्रवीर सिंह, इंद्रजीत सिंह, छबिलाल सिंह, प्रशांत सिंह, रविकांत सिंह, अनिरुद्ध सिंह, दरब सिंह, सुरेश सिंह, मोहन सिंह, राजेन्द्र सिंह, संतोष सिंह, गौकरण सिंह, यश सिंह, महेंद्र सिंह, विजेंद्र सिंह, जोगेंद्र सिंह, अखिलेश सिंह, लोक सिंह, भारती ठाकुर, योगेश्वरी सिंह, अनुपमा ठाकुर, अनुराधा ठाकुर, रंजीता सिंह, मंजू ठाकुर सहित सैकड़ो की संख्या में स्वजातीय बंधुगण उपस्थित थे।




## छात्र-छात्राओं ने नम आंखों से बप्पा को दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला पेण्ड्रीकला के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने गणपति बप्पा की भक्ति भाव और उल्लास के साथ 11वे दिन पूजन अर्चन कर गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तु जल्दी आ के जयघोष के साथ नम आंखों से बप्पा को विदाई दी गई।

**छत्तीसगढ़ योग शिक्षक संघ ने राज्य सरकार के समक्ष रखी प्रमुख मांगें, डिप्टी सीएम से मुलाकात कर सौंपा ज्ञापन**

# योग शिक्षक संघ की मांग, 300 पदों को पीटीआई से पृथक किया जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ योग शिक्षक संघ कबीरधाम जिला संयोजक हरिराम साहू ने डिप्टी सीएम कार्यालय में डिप्टी सीएम विजय शर्मा को ज्ञापन सौपा। जिसमें छत्तीसगढ़ योग शिक्षक संघ ने हाल ही में राज्य सरकार द्वारा घोषित 5000 शिक्षकीय पदों में से पीटीआई/योग शिक्षक के लिए संयुक्त रूप से स्वीकृत 300 पदों पर आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा है कि यह निर्णय योग डिग्रीधारी बेरोजगार युवाओं के साथ न्यायपूर्ण नहीं है। योग संघ ने स्पष्ट किया है कि पीटीआई (शारीरिक शिक्षा शिक्षक) और योग शिक्षक बनने के लिए आवश्यक शैक्षणिक अर्हताएं पूरी तरह अलग-अलग हैं। पीटीआई हेतु बीपीएड की डिग्री अनिवार्य है, वहीं योग शिक्षक हेतु एमए/एमएससी इन योग अथवा पीजी डिप्लोमा इन योग की आवश्यकता होती है। इसके बावजूद संयुक्त रूप से पदों का सृजन करना योग डिग्रीधारी युवाओं के साथ अन्याय है। जिस पर योग संघ ने बताया कि छत्तीसगढ़ के पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय सहित 17 विश्वविद्यालयों और 38 महाविद्यालयों में वर्ष 2008 से ही योग में स्नातकोत्तर डिग्री, डिप्लोमा एवं पीएचडी की उपाधि प्रदान की जा रही है। अब तक लगभग 32,000 से अधिक विद्यार्थी योग विषय में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं डिप्लोमा कर चुके हैं, लेकिन शासकीय सेवाओं में योग विषय के लिए पृथक पद न होने से ये युवा बेरोजगारी का सामना कर रहे हैं। योग संघ ने यह भी रेखांकित किया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत योग को विद्यालय स्तर पर अनिवार्य शिक्षा का हिस्सा बनाया गया है। विद्यालयों में योग विषय की पुस्तकें उपलब्ध कराई जा रही हैं, किंतु योग शिक्षक नियुक्त न होने के कारण इनका उपयोग संभव नहीं हो पा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में छत्तीसगढ़ योग शिक्षक संघ ने राज्य सरकार से प्रमुख मांगें रखी। जिसमें संशोधित प्रस्ताव में पीटीआई/योग शिक्षक के 300 संयुक्त पदों को पृथक-पृथक किया जाए, योग शिक्षक भर्ती हेतु व्यापम परीक्षा का सिलेबस विशेष रूप से योग पाठ्यक्रम पर आधारित बनाया जाए, योग शिक्षक पद के लिए न्यूनतम अर्हता एमए/एमएससी इन योग अथवा पीजी डिप्लोमा इन योग निर्धारित की जाए, योग संघ ने सरकार से आग्रह किया है कि इन मांगों को शीघ्र स्वीकार कर बेरोजगार योग डिग्रीधारी युवाओं के भविष्य को सुरक्षित किया जाए, जिससे विद्यालय स्तर पर योग शिक्षा का प्रभावी क्रियान्वयन हो सके। जिसमें जिला संयोजक हरिराम साहू ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को विशेष संज्ञान लेने की बातें कही है।



## सहकारिता मंत्री केदार कश्यप से मुलाकात कर सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ सरकारी समिति कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारी ने राजनांदगांव में विगत दिनों 04 सितंबर को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता सम्मेलन में भाग लेने आए छत्तीसगढ़ प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, सहकारिता मंत्री केदार कश्यप, राजनांदगांव लोकसभा सांसद संतोष पांडेय से नवीन विश्राम गृह एवं सहकारिता सम्मेलन राजनांदगांव में केदारनाथ गुप्ता अध्यक्ष राज्य सहकारी बैंक छत्तीसगढ़ जिला सहकारी केंद्रीय बैंक राजनांदगांव अध्यक्ष सचिन बघेल की उपस्थिति में मिलकर सहकारी समिति कर्मचारी संगठन ने अपनी लंबीत तीन सूत्री मांग पत्र दिए। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र साहू, प्रदेश प्रदेश उपाध्यक्ष आरिफ खान, गंगादास मानिकपुरी, कोषाध्यक्ष जागेश्वर साहू, प्रदेश महासचिव ईश्वर श्रीवास, प्रदेश संगठन मंत्री वेदप्रकाश वैष्णव, प्रदेश प्रवक्ता रोहित डड़सेना, जिला राजनांदगांव अध्यक्ष किशुन देवांगन, कबीरधाम जिला अध्यक्ष घनश्याम चंद्रवंशी, खैरागढ़ जिला अध्यक्ष यशवंत वर्मा, मोहला मानपुर जिला अध्यक्ष भाई लाल देवांगन, राजनांदगांव जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र चंद्राकर, कोषाध्यक्ष रेवाराम साहू , अवध राम साहू, जिला मीडिया प्रभारी कबीरधाम, हीरा लाल चंद्रवंशी संगठन मंत्री कवर्धा सहित बड़ी संख्या में प्रदेश पदाधिकारी एवं चारों जिला के जिला पदाधिकारी कर्मचारी साथी गण उपस्थित थें।

न्यायालय नजूल अधिकारी कबीरधाम (छ.ग.)
// ईश्तहार //
रा.प्र.क्र.ई.पंजी./ 202508082200037/ अ-6/वर्ष 2024-25

आवेदक अखिलेश वैष्णव पिता स्व. श्यामकिशोर दास वैष्णव साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम द्वारा नजूल नगर कवर्धा स्थित शीट क्रं.-16ए भू-खण्ड क्रं. 43/2, 45 क्षेत्रफल 98.00 व.मी. जो नजूल संधारण खसरा में श्याम किशोरदास पिता अयोध्यादास साकिन कवर्धा के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। मूल धारक श्याम किशोर दास वैष्णव की मृत्यु दिनांक 31/03/2018 को हो जाने के कारण उनके वैध वारिसों का नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है ।

अतएव नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति एवं संस्था को उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक 29.09.2025 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर मान्य नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 28.08.2025 को इस न्यायालय के पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

जारी दिनांक :- 28.08.2025
पेशी दिनांक :- 29.09.2025
मुहर
नजूल अधिकारी
कबीरधाम

**हड़ताल : रोटी पर सम्मान, न्याय और गारंटी लिखकर किया प्रदर्शन**

# एनएचएम कर्मचारियों की बेमुद्दत हड़ताल 22 वें दिन भी लगातार जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

अपनी दस सूत्रीय मांगों को लेकर प्रांतीय आव्हान पर गत 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डंटे प्रदेश सहित जिलेभर के एनएचएम कर्मचारियों ने अपने चरणबद्ध आंदोलन के तहत हड़ताल के 22 वें दिन रोटी के ऊपर सम्मान, न्याय और गारंटी की मांग करते हुए प्रदर्शन किया।

मुख्य रूप से नियमितिकरण, ग्रेड पे का निर्धारण, लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि, अनुकंपा नियुक्ति और अन्य 10 सूत्रीय मांगों को लेकर पिछले 22 दिनो से जिला मुख्यालय कवर्धा स्थित राजमहल चौक के पास धरना प्रदर्शन स्थल में बैठे हड़ताली एनएचएम कर्मचारियों ने बताया कि उन्होने रोटी के ऊपर सम्मान, न्याय और गारंटी लिखकर प्रदर्शन किया। उन्होने कहा कि एनएचएम कर्मचारी वर्षो से स्वास्थ्य विभाग में अपनी निःस्वार्थ सेवाएं दे रहे हैं लेकिन शासन द्वारा उन्हें कोई सम्मान नहीं दिया जा रहा है। वे अपनी दस सूत्रीय मांगों को लेकर पिछले कई वर्षो से संघर्ष करते आ रहे हैं लेकिन सरकार ने आज पर्यंत उन्हें न्याय नहीं दिया है। करीब दो वर्ष पूर्व भाजपा ने सत्ता में आने के बाद मोदी की गारंटी के तहत सौ दिनो के भीतर नियमितीकरण का वादा किया था लेकिन आज तक इस गारंटी को पूरा नहीं किया गया है। जिससे एनएचएम कर्मचारियों में खासी नाराजगी और असंतोष व्याप्त है। हड़ताली कर्मचारियों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि यह दुर्भाग्य का विषय है कि सरकार उनकी जायज मांगो को पूरा करने की बजाए उनके विरूद्ध दमनात्मक कार्यवाही कर उन्हें डराने और धमकाने का कार्य कर रही है लेकिन कर्मचारी इससे डरने वाले नहीं है। यहां बताना लाजिमी होगा कि अभी हाल ही में इन हड़ताली एनएचएम कर्मचारियों द्वारा सीएमएचओ को सामूहिक इस्तीफा भी सौंप दिया और अपनी मांगों को कायम रहते हुए अपनी अनिश्चितकालीन हड़ताल को जारी रखे हुए हैं। कर्मचारियों का स्पष्ट कहना है कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं की जाती उनकी अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी। हड़ताल के 22 वें दिन कवर्धा धरना प्रदर्शन स्थल में मुख्य रूप से शशिकांत शर्मा संरक्षक जेम्स जॉन, प्रदीप सिंह ठाकुर, विनिष जॉय, भास्कर देवांगन, वीर सिंह साहू, डॉ दीपक ध्रुव, डॉ निलेश चंद्रवंशी, डॉ चंचला, डॉ प्रशांत, डॉ मुकुंद राव, गेमेश चौधरी, सौरभ तिवारी, रुपेश साहू, संगीता भगत, जयंत कुमार, आनंद दास, छवि साहू, टीकाराम, भवानी सिंह, हेमराज ठाकुर, धीरज महोबिया, धुर्वा साहू, इंदु तिर्की, मोनी जायसवाल, विजय कश्यप,निखिल बांधेकर, दुर्गेश गुप्ता, चंदन टेकाम, रमेश कौशिक भगवंतिन पुसाम, ललिता वर्मा, दुर्गेश्वरि मरावी, शैलेंद्र केशरवानी, शिल्पा बक्शी रामकृष्ण चंद्रवंशी, वनिता पिस्दा, अंशुल थूदगर आदि सैकड़ों कि संख्या में कर्मचारी साथी उपस्थित थे।

**आज राधा कृष्ण तालाब में जल सत्याग्रह**



यहां बताना लाजिमी होगी हड़ताली एनएचएम कर्मचारी अपने मांगों के प्रति शासन का ध्यान आकृष्ट कराने की मंशा उसे लगातार अलग-अलग ढंग से धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को जिले के एनएचएम कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगों को लेकर जल सत्याग्रह किया जाएगी। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत कर्मचारी जिला मुख्यालय कवर्धा स्थित राधा कृष्ण तालाब में एकत्रित होकर जल सत्याग्रह करेंगे।

## 32 पौवा अवैध शराब जब्त एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

थाना सहसपुर लोहारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए शराब तस्करी में संलिप्त आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।



गिरफ्त में आए आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 204/25 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार स. लोहारा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरोपी लाल कृष्ण साहू पिता स्व. रामु साहू, निवासी कोयलारी थाना सिंहनपुरी, अवैध शराब तस्करी के कारोबार में सक्रिय इस सूचना पर थाना सहसपुर लोहारा पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस ने आरोपी के ठिकाने में दबिस देकर आरोपी के कब्जे से कुल 32 पौवा देशी शराब बरामद की है। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है। इस कार्रवाई में एएसआई लेखपाल साहू, आशीष सिंह, प्रधान आरक्षक शमशेर अली, आरक्षक जीतू सिंह एवं सुरेश चंद्रोल का विशेष योगदान रहा। कार्रवाई थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष मिश्रा के नेतृत्व में की गई। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल के मार्गदर्शन में डीएसपी प्रतीक चतुर्वेदी के पर्यवेक्षण में की गई है।

कबीरधाम पुलिस ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि जिले में अवैध शराब का कारोबार करने वाले किसी भी कोचिये को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। कबीरधाम पुलिस निरंतर दबिश देकर ऐसे अपराधियों को कानून के दायरे में लाती रहेगी। अवैध शराब बेचने, ढोने या छिपाने वालों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी। कबीरधाम पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि यदि कहीं पर भी अवैध शराब की बिक्री या परिवहन की जानकारी हो, तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। आपकी सूचना गोपनीय रखी जाएगी और अवैध कारोबारियों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**खबर संक्षेप**

### पुरस्कार के लिए शासन ने मांगे आवेदन

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं में वीरता, अदम्य साहस एवं आत्मबल सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला को प्रतिवर्ष वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी स्मृति पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इस सम्मान के अंतर्गत चयनित महिला को 2 लाख रूपए की राशि तथा प्रशस्ति पट्टिका प्रदान की जाएगी। इच्छुक एवं पात्र महिलाएं निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र 26 सितंबर 2025, सायं 05.30 बजे तक जिला कार्यालय, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला कबीरधाम में प्रस्तुत कर सकती हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

### रोजगार सृजन कार्यक्रम किया जाएगा आयोजित

**कवर्धा।** स्वयं का रोजगार स्थापित करने में सहायक केंद्र प्रवर्तित योजना प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र कबीरधाम को वित्तीय वर्ष 2025-26 अंतर्गत 16 हितग्राहियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक ने बताया कि योजनान्तर्गत बैंको के माध्यम से विनिर्माण क्षेत्र में अधिकतम 50 लाख तथा सेवा क्षेत्र में अधिकतम 20 लाख का ऋण उपलब्ध कराया जाता है। योजना के अनुसार सामान्य श्रेणी के हितग्राहियों को शहरी क्षेत्र के लिए 15 एवं ग्रामीण क्षेत्र के लिए 25 प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग, महिला, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, निःशक्तजन, भूतपूर्व सैनिक को शहरी क्षेत्र के लिए 25 एवं ग्रामीण क्षेत्र के लिए 35 प्रतिशत अनुदान की पात्रता है।

## हादसे में मोटर साइकिल सवार पुत्र की मौत, पिता गंभीर

### अज्ञात स्कार्पियो चालक ने मारी ठोकर, आरोपी फरार



- पंडरिया-बजाग मार्ग में ग्राम मुनमुना के पास हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

बीते रविवार को जिले से होकर गुजरने वाले पंडरिया-बजाग मार्ग में एक बार फिर भीषण सड़क हादसा सामने आया है। जिसमें मोटर सायकल सवार पिता-पुत्र में से पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पिता गंभीर रूप घायल बताया जा रहा है जिसे पंडरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि इन मोटर सायकल सवारों को किसी अज्ञात स्कार्पियो वाहन चालक ने ठोकर मार दी और मौके से फरार हो गया। पुलिस अब आरोपी वाहन चालक की तलाश कर रही है लेकिन अभी तक आरोपी का कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की शाम करीब 5.00 बजे मध्यप्रदेश बजाक के ग्राम तरच निवासी चैन सिंह अपने पिता महेश सिंह के साथ अपनी मोटर सायकल से वापस अपने गांव लौट रहा था। बताया जाता है कि इसी दौरान पंडरिया-बजाग मार्ग में ग्राम मुनमुना के पास चिथरहिन घाट के आगे मोड़ में किसी अज्ञात स्कार्पियो वाहन चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उन्हें अपनी चपेट में ले दिया।

इस दुर्घटना में जहां चैन सिंह के सिर, हाथ, पैर में गंभीर चोट आने के कारण मौके पर ही मौत हो गई वहीं महेश सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आरोपी स्कार्पियो वाहन चालक मौके से फरार हो गया। बाद में राहगीरों ने घटना की जानकारी डॉयल 112 को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची डॉयल 112 की टीम ने दोनो को अस्पताल पहुंचाया।

जहां चिकित्सकों ने चैन सिंह को मृत घोषित कर दिया वहीं महेश का ईलाज जारी है। दूसरी तरफ अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर अज्ञात स्कार्पियो वाहन चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उसकी तलाश की जा रही है लेकिन अभी तक आरोपी की गिरफ्तारी के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।

**मिनी माता सम्मान पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित**

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं के सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक एवं समग्र उत्थान में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिला अथवा अशासकीय संस्था को प्रतिवर्ष मिनी माता सम्मान (महिला उत्थान)से अलंकृत किया जाता है। इस सम्मान के अंतर्गत चयनित महिला अथवा संस्था को 2 लाख रूपए की सम्मान राशि एवं प्रशस्ति पट्टिका प्रदान की जाएगी। विशेष रूप से अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग की महिलाओं के लिए यह पुरस्कार प्रेरणा का माध्यम है। इच्छुक एवं पात्र महिला/अशासकीय संस्था निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र दिनांक 26 सितंबर 2025, सायं 5:30 बजे तक जिला कार्यालय, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला कबीरधाम में जमा कर सकती हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। अधिक जानकारी एवं निर्धारित आवेदन प्रारूप कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, कबीरधाम के सूचना पटल एवं जिले की वेबसाइट पर उपलब्ध है। पात्र व्यक्ति अपने सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि तक आवेदन जमा कर सकते हैं।

## पितृ पक्ष के पहले दिन जातकों ने किया तर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



हिन्दू पंचांग के अनुसार सोमवार 8 सितम्बर से पितृ पक्ष का पर्व आरंभ हो गया है। पितृ पक्ष की शुरुआत होते ही कवर्धा नगर सहित अंचल के श्रद्धालुओं में अपने पितरों को तर्पण अर्पित करने की परंपरा निभाई गई। सुबह से ही नदी, तालाबों एवं पवित्र जल स्त्रोतों के तटों पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने स्नान, ध्यान और संकल्प कर अपने दिवंगत पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। पितृ पक्ष को पूर्वजों की स्मृति और उनके प्रति आभार प्रकट करने का पर्व माना जाता है। मान्यता है कि इस अवधि में किए गए तर्पण, पिंडदान और श्राद्ध कर्म से पितरों की आत्मा को शांति प्राप्त होती है और परिवार में सुख-समृद्धि बनी रहती है। इसी परंपरा को निभाते हुए नगर के विभिन्न घाटों तथा तालाबों पर श्रद्धालुओं ने तिल, कुश, जल और पुष्प अर्पित कर विधिविधान से पितृ तर्पण किया। इस दौरान नगर के प्रमुख तालाबों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की चहल-पहल देखने को मिली। कई परिवार अपने घर के बड़े-बुजुर्गों के मार्गदर्शन में सामूहिक रूप से पितृ तर्पण करते नजर आए। वहीं, पुजारियों और पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच तर्पण एवं पिंडदान की विधि संपन्न कराई गई। पितृ पक्ष की यह अवधि अमावस्या तक चलेगी, जिसके दौरान प्रतिदिन लोग अपने पितरों को तर्पण कर पुण्य अर्जित करेंगे। स्थानीय ज्योतिषाचार्यों का कहना है कि पितृ पक्ष में श्रद्धापूर्वक किया गया तर्पण न केवल पितरों को मोक्ष प्रदान करता है, बल्कि परिवार में संतोष, शांति और समृद्धि का मार्ग भी प्रशस्त करता है। कवर्धा नगर में पितृ पक्ष के पहले ही दिन आस्था और परंपरा का संगम देखने को मिला, जिसमें लोगों ने अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धा और समर्पण के साथ तर्पण अर्पित किया।

**गुरुकुल में अग्नि से सुरक्षा संबंधी प्रदर्शन व प्रशिक्षण**



**कवर्धा।** गगुरुकुल पब्लिक स्कूल में अग्निशमन आपातकालीन सेवाएं तथा नगर सेना कबीरधाम द्वारा विद्यार्थियों तथा समस्त शैक्षणिक गैर शैक्षणिक कर्मचारियों को अग्नि संबंधित आपातकाल में इससे बचने के सुरक्षा संबंधी बचाव प्रशिक्षण का प्रदर्शन कुशल प्रशिक्षकों द्वारा किया गया। इन प्रशिक्षकों में प्रभारी केके श्रीवास्तव, मेजर शशी कपूर झारिया, बीसीपीओ सुरेन्द्र कुमार दुबे, चालक घनश्याम शर्मा, फायर मैन राजेश रामजी, सैनिक विकास तिवारी, शामिल थे। इन लोगों ने सभी के सामने आग के निर्माण, प्रकार तथा अग्निकांड की संभावना की जानकारी दी। अग्निकांड हो जाने पर उससे बचने के उपाय भी बतलाए। उन्होने बताया कि सभी के घर में सिलेन्डर होना आम बात है। सिलेन्डर में कभी भी गैस लीक के कारण आग लग सकती है। इसे हम गिले कपड़े से या बाल्टी से ढककर आक्सीजन को खत्म करके आग बुझा सकते है। इसे हम सीओटू या एबीसी पावडर के द्वारा भी बुझा सकते है। पेट्रोल, तेल, टायर, जैसे ज्वलनशील पदार्थो को पानी से नहीं बुझाया जा सकता इसे एबीसी पावडर से बुझा सकते है। आग बड़ी मात्रा में फैल जाय तो फोम केमिकल के द्वारा बुझाया जा सकता है। इसे एकवाश फिल्म फारमिंग फोम (ट्रिपल एफ) से बुझा सकते है। कोयला, कागज, कपड़ा, मे लगने वाली सामान्य आग को एबीसी पाउडर के द्वारा बुझाया जा सकता है। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने विभिन्न प्रकार के फायर एक्सटिंग्विशर से आग बुझाने का प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों से भी प्रदर्शन करवाया गया। उन्होने बतलाया कि अगर आग भीषण रूप ले ले तो आपातकालीन नम्बर 102 या 112 पर काल करके मदद ली जा सकती है। इस प्रकार विद्यालय, विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को अग्नि से सुरक्षा संबंधी जानकारी मिली। जो उन्हें आपातकालीन स्थिति में स्वयं एवं दूसरों को बचाने का साहस दे सकता है। इस प्रशिक्षण से संस्था के अध्यक्ष, अन्य पदाधिकारीगण तथा प्राचार्य ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी को कहा कि इन उपायों को समझकर आपताकाल में अपनी सुरक्षा एवं दूसरों की मदद करें।

### प्लेटफॉर्म वर्कर्स का ई-श्रम पोर्टल में पंजीयन 9 से 19 सितम्बर तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य में कार्यरत प्लेटफॉर्म वर्कर्स जैसे जोमैटो, स्विगी, ब्लिंकीट, इंस्टामार्ट, उबेर, ओला, रैपिडो, फ्लिपकार्ट, अमेंजन एवं अन्य प्लेटफॉर्म आधारित डिलीवरी पर्सन को ई-श्रम पोर्टल में पंजीकृत कर पहचान पत्र जारी किए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इसके अंतर्गत 09 सितम्बर से 19 सितम्बर 2025 तक निर्धारित अवधि में कार्यालयीन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जो वर्कर्स का पंजीयन कराएंगे। संबंधित संस्थान में कार्यरत सभी वर्कर्स को सूचित किया जाता है कि वे आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, सक्रिय मोबाइल नंबर के साथ निर्धारित कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पंजीयन अवश्य कराएं।

**पुरानी परम्पराओं के अनुसार ग्रहणकाल में पीतल की परात में पानी भरकर खड़ा किया गया मूसल**

## साल का अंतिम चंद्रग्रहण सम्पन्न, लोगों ने ग्रहणकाल में किए धार्मिक अनुष्ठान



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

इस वर्ष का अंतिम चंद्रग्रहण सोमवार की रात सम्पन्न हुआ। खगोलविदों के अनुसार यह चंद्रग्रहण रात 9 बजकर 58 मिनट से प्रारंभ होकर 1 बजकर 26 मिनट तक चला। कुल 3 घंटे 28 मिनट तक चले इस खगोलीय घटना को लेकर पूरे देश में उत्सुकता रही। वहीं धार्मिक दृष्टि से भी ग्रहण का विशेष महत्व होने के कारण लोगों ने परंपरानुसार कई अनुष्ठान व सावधानियाँ अपनाई। ग्रहण शुरू होने से पूर्व ही सूतक काल लागू हो गया था। मान्यताओं के अनुसार सूतक काल में देवालयों के पट बंद कर दिए जाते हैं, अतः इस दौरान नगर के प्रमुख मंदिरों के द्वार भी श्रद्धालुओं के लिए बंद रहे। ग्रहण समाप्ति के बाद विधि-विधान से स्नान व पूजा अर्चना करने के उपरांत मंदिरों के पट खोले गए और आरती की गई। ग्रहण काल में लोगों ने भगवान के स्मरण, मंत्र जप और भजन-कीर्तन में समय व्यतीत किया। धार्मिक मान्यताओं के अनुरूप इस दौरान खान-पान पर विशेष संयम बरता गया। कई श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर ग्रहण की अवधि पूरी होने के बाद ही भोजन ग्रहण किया। इसके अलावा गर्भवती महिलाओं को ग्रहण के समय घर से बाहर न निकलने और तेज धारदार वस्तुओं का प्रयोग न करने जैसी परम्परागत सावधानियों का पालन कराया गया। वहीं, नगर में कई स्थानों पर वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार लोगों ने पीतल की परात में पानी भरकर उसमें मूसल खड़ा किया। ऐसा करने के पीछे मान्यता है कि इससे ग्रहण का नकारात्मक प्रभाव कम होता है और घर-परिवार में सुख-समृद्धि बनी रहती है। बड़ी संख्या में परिवारों ने इस परंपरा का पालन किया। ग्रहण समाप्त होने के बाद श्रद्धालुओं ने स्नान कर दान-पुण्य भी किए। धर्मगुरुओं के अनुसार चंद्रग्रहण और सूर्यग्रहण दोनों ही काल आत्मशुद्धि व साधना का विशेष समय माना जाता है। इस दौरान भगवान के नाम का स्मरण करना, ध्यान-धारणा करना और दान करना अत्यंत फलदायी माना गया है। आखिरी चंद्रग्रहण के साक्षी बने लोगों ने इसे अद्भुत अनुभव बताया। खगोल विज्ञान में रुचि रखने वाले युवाओं ने दूरबीन और कैमरे के माध्यम से चंद्रग्रहण का अवलोकन कर इस खगोलीय घटना को अपने कैमरों में कैद किया। धार्मिक आस्था और वैज्ञानिक जिज्ञासा के बीच संतुलन बनाते हुए इस साल का अंतिम चंद्रग्रहण श्रद्धा, संयम और उत्सुकता के साथ सम्पन्न हुआ।

## निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा



जिले के आम नागरिकों के स्वास्थ्य संवर्धन और रोग निवारण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत आज कवर्धा विकासखण्ड के ग्राम झलमला के बाजार चौक में विकासखंड स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश में आयुष विभाग द्वारा व्यापक स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई। मेले में आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न रोगों का निःशुल्क उपचार किया गया। साथ ही लोगों को निरोगी जीवन जीने के लिए आयुर्वेद के प्रभावकारी सिद्धांतों और योग की विधियों की जानकारी भी दी गई। शिविर में 463 लोगों की स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क आयुर्वेद औषधियां दी गई और आयुष कार्ड का वितरण किया गया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. संजय श्रीवास्तव ने बताया कि शिविर में वात रोग, चर्म रोग, पेट के रोग, बच्चों के रोग, बवासीर, स्त्री रोग, पुरानी खांसी-श्वास, सर्दी-जुकाम, बुखार, पीलिया, मधुमेह, निम्न व उच्च रक्तचाप, सिकलीन एवं वृद्धजन से जुड़े रोगों का निःशुल्क उपचार किया गया। साथ ही वर्षा ऋतु में होने वाले रोगों के लक्षण व उपचार की जानकारी दी गई। शिविर में योग परामर्श जैसे योग विशेषज्ञों द्वारा दैनिक जीवन में योग को अपनाने के सरल उपाय बताए जाएंगे। शिविर में डॉ. गिरिश साहू, डॉ. बॉबी चंद्रवंशी, डॉ. पवन साहू, डॉ. कविता चंद्रवंशी, डॉ. प्रेमलाल, फ्रामिस्ट विद्यासिंह धुव्र, धनेश कौशिक, चैतराम टंडन एवं औषधालय मिश्रीलाल पटेल ने अपनी सेवाएं दी। इस अवसर पर संरपंच ओमप्रकाश चंद्रवंशी, उपसरपंच राजेन्द्र चंद्रवंशी सहित ग्रामीण, जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।